# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

बिलासपुर, मंगलवार 17 मार्च 2026

haribhoomi.com







**हरिभूमि न्यूज/ रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में बीजापुर पोटा केबिन में छात्राओं के गर्भवती होने के मामले में विपक्ष ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर चर्चा कराने की मांग की। स्थगन प्रस्ताव स्वीकार नहीं होने और सरकार के जवाब से असंतुष्ट होकर कांग्रेस विधायकों ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार करते हुए बहिर्गमन कर दिया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शून्य काल में पोटा केबिन का सवाल उठाते हुए कहा, बीजापुर के गंगालूर पोटा केबिन में नाबालिग छात्राओं के साथ 2002 से लगातार ऐसी घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस मामले में दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने मांग की कि सदन का काम रोककर इस गंभीर विषय पर तत्काल चर्चा कराई जाए।

▶▶|शेष पेज 6 पर

# तीन छात्राओं के गर्भवती होने का मामला गूंजा मंत्री बोले-आरोप गलत, विपक्ष का वाकआउट

## चर्चा की मांग ठुकराने पर विपक्ष का हंगामा

### सरकार पर लीपापोती का आरोप

बीजापुर से कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने कहा, इस मामले में 11वीं और 12वीं कक्षा की दो छात्राएं शामिल हैं, लेकिन अब तक किसी पर कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं विधायक उमेश पटेल ने कहा, उन्हें मिली जानकारी के अनुसार दोनों छात्राओं को छात्रावास से निकाल दिया गया है और प्रशासनिक अधिकारी मामले पर लीपापोती कर रहे हैं।





### शिक्षामंत्री बोले-आरोप गलत

मामले पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा, सरकार किसी भी आरोपी को बचाने का काम नहीं कर रही है। उन्होंने बताया कि जिन तीन छात्राओं का जिक्र किया जा रहा है, वे वर्तमान में पोटा केबिन में अध्ययनरत नहीं हैं और उनके तथा उनके परिजनों ▶▶|शेष पेज 6 पर

# 12वीं पर्चा लीक कांड पहुंचा थाना, एफआईआर दर्ज, वायरल पर्चे का सच ढूंढेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

12वीं कक्षा के हिंदी विषय के प्रश्नपत्र लीक संबंधित मामले में माध्यमिक शिक्षा मंडल थाने पहुंच गया है। 14 मार्च को आयोजित बारहवीं कक्षा के हिंदी विषय के प्रश्नपत्र एक दिन पूर्व अर्थात 13 मार्च की रात व्हॉट्सऐप ग्रुप में वायरल होने का दावा किया जा रहा है। व्हॉट्सऐप चैट के स्क्रीनशॉट वायरल होने और विभिन्न माध्यमों से शिकायत प्राप्त होने के बाद अब मंडल ने एफआईआर दर्ज ▶▶|शेष पेज 6 पर

## मामला 14 मार्च को आयोजित 12वीं कक्षा की हिंदी विषय की परीक्षा का




### सचिव बोलीं- अनियमितता मिली तो कार्रवाई

हालांकि मंडल का कहना है कि सोशल मीडिया में वायरल पर्चा स्पष्ट एवं पठनीय नहीं है, जिससे उसकी सत्यता का प्रत्यक्ष परीक्षण संभव नहीं हो पा रहा है। माशिम सचिव पुष्पा साहू के अनुसार, संबंधित वीडियो तथा अन्य सामग्री परीक्षा सम्पन्न होने के बाद सामने आई है, अतः प्रथम दृष्टया इसे प्रश्नपत्र लीक की घटना के रूप में नहीं माना जा सकता। फिर भी परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील ▶▶|शेष पेज 6 पर

# डा. रमन का लोकसभा अध्यक्ष को पत्र-अविश्वास प्रस्ताव अस्वीकार किया जाना लोकतंत्र की परिपक्वता





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक पत्र लिखकर उनके खिलाफ लोकसभा में पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव पर कहा है कि लोकसभा में आपके विरुद्ध प्रस्तुत अविश्वास प्रस्ताव का सदन द्वारा अस्वीकार किया जाना मात्र एक संसदीय प्रक्रिया का परिणाम नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता, संस्थागत चेतना तथा संसदीय मूल्यों के प्रति उसकी गहरी निष्ठा का सशक्त प्रमाण भी है। जिस स्पष्टता, गंभीरता और विवेक के साथ सदस्यों ने इस विषय पर अपना मत व्यक्त किया, उससे यह पुनः स्थापित हुआ है कि हमारे लोकतंत्र में संस्थाओं की गरिमा, निष्पक्षता और मर्यादा सर्वोपरि है। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### अम्बेडकर ने दी थी ये चेतावनी

जब भारत का संविधान निर्मित हो रहा था, तब संविधान सभा की बहसों में लोकतंत्र के इन आदर्शों को अत्यंत गंभीरता और दूरदृष्टि के साथ अभिव्यक्त किया गया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि संविधान कितना भी उत्कृष्ट क्यों न हो, यदि उसे संचालित करने वाले लोग उसके प्रति निष्ठावान नहीं होंगे, तो वह सफल नहीं हो सकेगा। उन्होंने लोकतंत्र को केवल राजनीतिक संरचना न मानकर एक सामाजिक और नैतिक आदर्श के रूप में भी देखा। यही दृष्टि आज भी हमारे संसदीय आचरण के लिए पथप्रदर्शक है।

## आचार संहिता लागू होते ही चुनाव आयोग के ताबड़तोड़ एक्शन

# पश्चिम बंगाल में मुख्य सचिव-डीजीपी को हटाया, असम में बदले 5 कलेक्टर

**पांच राज्यों में चुनाव का ऐलान होने के बाद सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। इस बीच,आचार संहिता लागू होते ही चुनाव आयोग एक्शन मोड में आ गया है। पश्चिम बंगाल के प्रशासनिक इतिहास में अभूतपूर्व कदम उठाते हुए निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के शीर्ष नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों को हटा दिया, जिनमें मुख्य सचिव और डीजीपी भी शामिल हैं। कोलकाता पुलिस आयुक्त समेत कुछ अफसरों के तबादले किए गए हैं। इधर, असम में पांच कलेक्टर का तबादला किया गया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोलकाता/नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद निर्वाचन आयोग ने सोमवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पीयूष पांडे और कोलकाता पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार को पद से हटा दिया। आयोग ने रविवार को ही आदेश जारी कर राज्य के दो शीर्ष नौकरशाह मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा को हटा दिया। एक अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी सिद्धनाथ गुप्ता को पांडे के स्थान पर पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया। उन्होंने बताया कि आयोग ने अजय कुमार नंद को कोलकाता का पुलिस आयुक्त नियुक्त किया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में आश्वासन दिया था कि पश्चिम बंगाल में चुनाव हिंसा-मुक्त और शांतिपूर्ण होंगे। इसके ठीक 24 घंटे के भीतर पश्चिम बंगाल पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल देखने को मिला। निर्वाचन आयोग ने कहा कि राज्य में चुनाव ▶▶|शेष पेज 6 पर

## मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश ने हिंसामुक्त चुनाव का दिया आश्वासन

## 24 घंटे के भीतर कई अफसरों के हुए तबादले, और बदले जाएंगे अफसर



पश्चिम बंगाल में नदिया में बीएसएफ के जवान पेट्रोलिंग करते हुए।

### पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद भारतीय निर्वाचन आयोग ने बड़ा फेरबदल किया है। आयोग ने पीयूष पांडे को हटाते हुए सिद्ध नाथ गुप्ता को पश्चिम बंगाल का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया है। इसके अलावा, सुप्रतिम सरकार की जगह अजय कुमार नंद को कोलकाता का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है।

### मनजीत असम के विशेष पर्यवेक्षक

निर्वाचन आयोग ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी मनजीत सिंह को चुनाव वाले असम राज्य के लिए विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। आयोग ने सिंह को पूर्वोत्तर राज्य में चुनाव की तैयारियों की जानकारी उसे मुहैया कराने की जिम्मेदारी सौंपी है।

### असम में पांच कलेक्टर पांच एसपी बदले

विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद, निर्वाचन आयोग ने सोमवार को असम के पांच कलेक्टर और पांच जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों का तबादला कर दिया। माजुली, दक्षिण सालमारा, सादिया, चिरांग और धेमाजी जिलों के एसएसपी का तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया गया है। माजुली के एसएसपी हारेन टोकबी की जगह सोमलिन शुभदर्शिनी को नियुक्त किया गया, जबकि दक्षिण सालमारा के मृणाल कुमार डेका की जगह आर. शीतल कुमार को लगाया गया।

## एलपीजी संकट के बीच खुशखबरी

# होर्मुज पार कर आया शिवालिक, जल्द ही दूर होगा गैस संकट!



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर शिवालिक एलपीजी करियर कुछ ही घंटों में गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर पहुंच गया। यह जहाज युद्ध प्रभावित होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित निकलकर भारत की ओर रवाना हुआ था। इसमें 45 हजार मीट्रिक टन से अधिक एलपीजी लदी हुई है। माना जा रहा है कि इससे देश में चल रही एलपीजी आपूर्ति की किल्लत को कम करने में मदद मिलेगी। भारत सरकार के लगातार कूटनीतिक प्रयासों के बाद दो भारतीय एलपीजी जहाजों को वहां से निकलने की अनुमति मिली। इनमें से पहला जहाज 'शिवालिक' अब मुंद्रा ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 22 जहाज अभी भी फारस की खाड़ी में

सरकार ने कहा कि क्षेत्र में संचालित भारतीय जहाज और नाविक सुरक्षित हैं और समुद्री गतिविधियों की लगातार निगरानी की जा रही है। वर्तमान में फारस की खाड़ी के पश्चिमी हिस्से में 22 भारतीय ध्वज वाले जहाज और 611 नाविक मौजूद हैं। भारत अपनी जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल, 50 प्रतिशत प्राकृतिक गैस और 60 प्रतिशत एलपीजी आयात करता है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों और तेहरान की जवाबी कार्रवाई से पहले भारत के आधे से अधिक कच्चे तेल फंसे हुए हैं।







## कैफे वाले ने नींबू पानी के बिल में जोड़ा

# बेंगलुरु के कैफे में लगा 'गैस क्राइसिस चार्ज'

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू




मिडिल ईस्ट में ईरान और अमेरिका-इजरायल युद्ध के बीच ईंधन संकट का असर पूरी दुनिया में दिखने लगा है। भारत में भी गैस को लेकर बवाल मचा हुआ है, कई रेस्टोरेंट गैस की कमी की वजह से बंद हैं तो कुछ अब बिल में भी 'गैस क्राइसिस चार्ज' जोड़ने लगे हैं। हाल ही में एक कैफे के बिल में 'गैस संकट शुल्क' जोड़ने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एक्स (ट्विटर) और रेडिट पर वायरल हो रहे इस रसीद ने लोगों के बीच बहस छेड़ दी है। बेंगलुरु के थियो कैफे ने दो मिंट लेमनेड का बिल ग्राहक को दिया, जिसे देखकर ग्राहक भी हैरान रह गया। एक गिलास नींबू पानी की कीमत प्रति ग्लास 179 रुपये है, और 2 ग्लास का टोटल 358 रुपये बनता है। लेकिन बिल में 5 प्रतिशत 'गैस क्राइसिस चार्ज' 17.01 रुपये भी जोड़ा गया, जिसमें अन्य चार्ज जोड़कर टोटल कीमत 374 रुपये हो गई।

**रेस्टोरेंट की मनमानी देख गुस्से में लोग-** जी हां, नींबू पानी पर गैस क्राइसिस चार्ज और रेस्टोरेंट की मनमानी देख लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है. यह बेंगलुरु का एक कैफे है, लेकिन केवल बेंगलुरु ही नहीं बल्कि दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों में भी गैस क्राइसिस चार्ज के नाम से ग्राहकों से मनमानी रकम वसूली जा रही है. बिल की तस्वीर अब सोशल मीडिया पर वायरल है जिसे लेकर यूजर्स अलग अलग रिएक्शन दे रहे हैं।

**क्या है 'गैस क्राइसिस चार्ज'-** इस पूरे घटनाक्रम का असर सोशल मीडिया की भाषा में भी दिखा. कई यूजर्स ने गैस संकट पर मीम्स बनाकर शेयर किए, जबकि कुछ लोगों ने अपनी परेशानी भी पोस्ट के जरिए बताई. इसी बीच एक नया दावा भी वायरल होने लगा-होटल के बिल में अब एक नया चार्ज जोड़ा जा रहा है, जिसे 'गैस क्राइसिस चार्ज' कहा जा रहा है।

### जांच की उठी मांग

यह विवादास्पद शुल्क तब जुड़ा जब देश के कुछ हिस्सों में एलपीजी गैस की आपूर्ति में कमी की खबरें सामने आ रही हैं। बेंगलुरु नगर निगम और खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन उपभोक्ता संगठनों ने जांच की मांग उठाई है। लोगों का कहना है यह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत अवैध है।




# प्रदेश की 19 नदियों के संरक्षण के लिए बनी कमेटी में 7 सचिव, एक वाइस चांसलर, हाईकोर्ट नाराज

- नए सिरे से कमेटी बनाने के निर्देश, इतिहासकार, लेखक, पर्यावरणविद को शामिल करने कहा
- सभी नदियों और उनके उद्गम स्थल को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने का भी आदेश दिया गया

**बिलासपुर।** राज्य से निकलने वाली नदियों के उद्गम स्थल आखिर क्यों सूख रहे हैं, यह जानने और इन स्थलों को तलाशने के लिए राज्य सरकार द्वारा कमेटी बनाई जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश की 19 नदियों के संरक्षण और संर्वधन पर यह कमेटी काम करेगी। जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने इसके आदेश दिए। इसके साथ ही सभी नदियों और उनके उद्गम स्थल को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने का भी आदेश दिया गया है।

दरअसल रिकार्ड में यह नदियां और उनके उद्गम स्थल फिलहाल नाले के रूप में दर्ज है। शासन द्वारा सोमवार को पेश जवाब में कहा गया कि 6 नदियों महानदी, हसदेव, तांदूला, पैरी, केलो, मांड के लिए कमेटी का गठन कर दिया गया है। हालांकि सरकार द्वारा बनाई गई इस कमेटी से हाईकोर्ट संतुष्ट नहीं हुआ और नए सिरे से इसके गठन का निर्देश दिया है। दरअसल सरकार की कमेटी में 7 सचिव स्तर के अधिकारी और एक वाइस चांसलर है। कोर्ट ने कमेटी में इतिहासकार, लेखक, पर्यावरणविद को भी शामिल करने कहा है। मामले की अगली सुनवाई 7 मई को होगी। अरपा नदी के साथ ही प्रदेश की अन्य नदियों के संरक्षण और संवर्धन की मांग करते हुए लगाई गई जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि अरपा में सालभर पानी की योजना के साथ प्रदेश की 9 प्रमुख नदियों के रिवाइवल की योजना पर काम किया जा रहा है। सरकार ने इस बात पर भी सहमति जताई कि नई कमेटी गठित कर नदियों के स्रोतों की पहचान और संरचना सुनिश्चित की जाएगी।

### प्राकृतिक प्रवाह पर भी ध्यान देने की जरूरत

याचिकाकर्ता अरविंद शुक्ला ने बताया कि सरकार नदियों के उदगम स्थल के संरक्षण की बात तो कर रही है लेकिन इसके बाद आगे 2 किलोमीटर क्षेत्र तक के प्राकृतिक प्रवाह पर ध्यान नहीं है। इन क्षेत्रों में कब्जा करते हुए खेती हो रही है। इसे भी संरक्षित करना होगा। कहीं कोई निजी जमीन है तो उसका अधिग्रहण सरकार को करना होगा, कब्जे हटाने होंगे। इसके बाद ही नदियों का प्रवाह बेहतर हो सकेगा। हाईकोर्ट ने इस पर सहमति जताते हुए सरकार को इस तरफ ध्यान देने कहा है। ध्यान रहे कि छत्तीसगढ़ में 19 छोटी-बड़ी नदियों का उद्गम है जिन पर कब्जा हो चुका है।

### इतिहासकार, लेखक, पर्यावरणविद रहेंगे कमेटी में

हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य से निकलने वाली नदियों के उद्गम स्थल आखिर क्यों सूख रहे हैं, यह जानने और इन स्थलों को तलाशने के लिए राज्य सरकार द्वारा जो कमेटी बनाई गई है उसमें सभी सरकारी अधिकारी हैं, इसलिए इसे पूरा नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि कमेटी में जानकार, तकनीकी अधिकारी अफसर, इतिहासकार, लेखक और पर्यावरणविद भी शामिल किए जाने चाहिए। यह कमेटी उद्गम स्थलों को पुनर्जीवित करने और इनसे पानी का बहाव बनाए रखने की दिशा में काम करेगी। कमेटी का सबसे पहला काम होगा नदियों के उद्गमों की तलाश करना। शासन ने कहा कि जिन जिलों से नदियों का उद्गम है वहां के कलेक्टर इसके अध्यक्ष रहेंगे। इसके साथ ही खनिज, वन और जिला पंचायत के अधिकारी कमेटी के सदस्य होंगे।

### कमेटी में आम लोगों का कोई प्रतिनिधित्व नहीं

कोर्ट में पेश जवाब में कहा गया कि राज्य की प्रमुख नदियों के पुनरुद्धार एवं पुनर्जीवित करने हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इसमें अध्यक्ष मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग सदस्य सचिव, एवं ग्रामीण विकास विभाग सदस्य सचिव, जल संसाधन विभाग सदस्य, सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, सदस्य सचिव, भौमिकी एवं खनिज साधन विभाग, सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, एम.के. वर्मा, सेवानिवृत्त कुलपति, स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, दुर्ग सदस्य शामिल हैं। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद इस शपथ पत्र के अनुसार बनाई गई राज्य स्तरीय समिति को संतोषजनक नहीं बताया। चीफ जस्टिस ने कहा कि इस समिति में स्थानीय आमजनों का कोई प्रतिनिधित्व ही नहीं है कोई जनप्रतिनिधि भी शामिल नहीं किया गया है, इसलिए यह समिति फिर से गठित करने की जरूरत है। इसमें सिर्फ अधिकारी वर्ग ही शामिल है। याचिकाकर्ताओं ने भी समिति को अपर्याप्त बताया।

## खबर संक्षेप

### मंदिर से दानपेटी चोरी सीसीटीवी कैमरे में कैद



**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र के राजधानी के अग्रोहा कॉलोनी स्थित सिद्ध श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर की दान पेटी अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शनिवार को दोपहर 3 बजे के आसपास एक बाइक पर तीन लोग आए मंदिर में आए और कॉलोनी में पहले घूमे, इसके बाद मंदिर को खाली देख दानपेटी उठा ले गए। जितेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि जब वे मंदिर दर्शन के लिए गए तो वहां उन्होंने देखा कि दानपेटी गायब है। तब इसकी सूचना कॉलोनीवासियों को दी और फिर डीडीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### मंदिर में नशेबाजी से रोका तो युवक को चाकू मारा

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में अज्ञात चार बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। युवक को उपचार के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों ने राजा वर्मा पर चाकू से हमला किया है। राजा ने पुलिस को बताया कि कृष्णा नगर स्थित मंदिर परिसर में कुछ नशेड़ी युवक नशा कर रहे थे, राजा ने युवकों को मंदिर परिसर के पास नशा करने से मना किया। इससे नाराज होकर बदमाशों ने राजा के साथ मारपीट की और उस पर चाकू से हमला कर दिया।

### ग्रामीण थाना क्षेत्र में बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई

**रायपुर।** ग्रामीण थाना क्षेत्र में आईजी अमरेश मिश्रा, एसपी श्वेता सिन्हा के निर्देश पर पुलिस बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। रायपुर ग्रामीण के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में एक के खिलाफ छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम तथा दो बदमाशों के खिलाफ नारकोटिक्स तथा आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। 29 बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है तथा 80 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई करने के साथ दो गिरफ्तारी वारंट की तामीली की गई।

### गांजा कारोबार पर कब्जे का विवाद बदमाश भिड़े

**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधीनगर में नशे के सौदागरों के गुर्गों के बीच रविवार को जमकर चाकू, लात घूंसे चले। बदमाशों ने दो मकानों में जमकर तोड़फोड़ की। मारपीट, चाकूबाजी, तोड़फोड़ करने के आरोप में तीन बदमाशों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। जेल में बंद मुकेश बनिया तथा रवि साहू के गुर्गे मोहित निहाल तथा अभिषेक सोनी के बीच गांजा बिक्री की बात को लेकर लंबे अरसे से विवाद चल रहा है। घटना दिनांक को अभिषेक अपने भाई के साथ अपने घर के पास बैठा हुआ था। इसी दौरान विक्रम बघेल, अभिषेक गुप्ता, अभिषेक बघेल उर्फ जादू, मोहित निहाल एवं उनके अन्य साथी मौके पर पहुंचे और अभिषेक के साथ गाली-गलौज करने लगे।

### ईओडब्लू, एसीबी ने तीन आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में 17 सौ पन्नों का चालान पेश किया

# 15 साल पहले हुआ था शिक्षा मिशन में कम्प्यूटर घोटाला, अब 1700 पन्नों का चालान पेश हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजीव गांधी शिक्षा मिशन के लिए वर्ष 2011-12 में तय कीमत से दोगुनी दर पर कंम्प्यूटर आपूर्ति करने के मामले में ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने सोमवार को विशेष अदालत में ग्लोबल नेटवर्क सॉल्यूशन, मिनी इंफोटेक रायपुर के संचालक सहित तीन के खिलाफ कोर्ट में 17 सौ पन्नों का चालान पेश किया है। कंम्प्यूटर आपूर्ति करने के नाम पर मिनी इंफोटेक पर 4 करोड़ 72 लाख 88 हजार 462 रुपए गड़बड़ी करने का आरोप है। आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 120 (बी) के तहत अपराध दर्ज है।

> बाजार मूल्य से दोगुने दाम में 18 जिलों में कंम्प्यूटर आपूर्ति की गई थी

राजीव गांधी शिक्षा मिशन के लिए कंम्प्यूटर उपकरण की खरीदी में गड़बड़ी करने के आरोप में जांच एजेंसी ने मिनी इंफोटेक के संचालक आलोक कुशवाहा, अंजू कुशवाहा एवं संजीत साहा के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया है। इन पर आरोप है कि इन लोगों ने आपराधिक षड़यंत्र कर कूटरचित एवं फर्जी दस्तावेजों का उपयोग कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई। विवेचना में पाया गया कि राजीव गांधी शिक्षा मिशन रायपुर द्वारा कंम्प्यूटर समर्थित योजना के तहत राज्य के तत्कालीन सभी 18 जिलों में शासकीय उच्च प्राथमिक शालाओं को एलएफडी, टीएफटी कंम्प्यूटर युक्त उपकरण प्रदाय करना था। मिनी इंफोटेक ने दो चरणों में वर्ष 2010-11 में 246 तथा वर्ष 2011-12 में 246 तथा ग्लोबल नेटवर्क सॉल्यूशन द्वारा 392 मॉनिटर्स की आपूर्ति की गई थी।



### एचपी, एग्माटेल के फर्जी, कूटरचित अर्थराईजेशन लेटर्स

कोर्ट में पेश किए गए चालान में उल्लेख किया गया है कि आरोपियों ने अपराधिक षड़यंत्र कर एचपी एवं एग्माटेल के फर्जी एवं कूटरचित अर्थराईजेशन लेटर्स तैयार किया था। घोटाले का सबसे प्रमुख हिस्सा यह था कि मॉनिटर की दरों में अत्यधिक वृद्धि कर शासन को 1 लाख 26 हजार 500 रुपए प्रति नग की दर से प्रदाय किया गया। इसका वास्तविक बाजार मूल्य 57 हजार 950 रुपए प्रति नग मात्र था। आरोपियों द्वारा आपस में साठ गांठ कर, कपट एवं बेईमानी पूर्वक षडयंत्र कर सुनियोजित तरीके से तैयार की गई कूटरचित एवं फर्जी दस्तावेज (आथॉराईजेशन पत्र) की सत्यता को जान बूझकर शासकीय संज्ञान से छिपाकर रखा गया था। प्रकरण से संबंधित शासकीय अधिकारियों के खिलाफ संबंधित विभाग को विधिवत विभागीय कार्रवाई के संबंध में अनुशंसा की गई है।

### शिक्षक की हार्ट अटैक से मौत के मामले में जेडी ने दिए जांच के निर्देश

**अम्बिकापुर।** जशपुर जिले के सिविल अस्पताल में हार्ट अटैक से शिक्षक की मौत और अस्पताल में चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ की गैरमौजूदगी को स्वास्थ्य विभाग ने गंभीरता से लिया है। संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने सीएमएचओ जशपुर को पत्र जारी कर इस मामले की सूक्ष्मता से जांच कर तीन दिनों में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए है। बता दें कि रविवार को शिक्षक कार्तिकेश्वर निषाद को हार्ट अटैक के बाद बेहोशी की हालत में सिविल हॉस्पिटल पत्थलगांव लाया गया था। प्रारंभिक रूप से सीपीआर देने के बाद लोग उन्हें निजी कार से सिविल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे और अस्पताल के गेट पर कार खड़ी कर डॉक्टर की तलाश करने लगे। इस दौरान अस्पताल में ना ही वार्ड बॉय, स्टाफ नर्स मौजूद थे और ना ही कोई डॉक्टर मौजूद था। परिजन व स्थानीय लोग लगातार डॉक्टर की तलाश करने के साथ ही उन्हें फोन लगाते रहे। काफी देर के बाद एक महिला चिकित्सक डॉ. जया परहा मौके पर पहुंची और शिक्षक की जान बचाने के बदले बहस करने लगी। इसके बाद मौके पर पहुंचे डॉ. शकुंतला निषाद ने शिक्षक को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन की कार्यशैली और व्यवस्था को लेकर लोगों ने नाराजगी जाहिर की थी। हरिभूमि ने इस खबर को 16 मार्च के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया जिसके बाद संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने इस मामले की जांच हेतु सीएमएचओ जशपुर को टीम गठित करने और 3 दिनों में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए है। जेडी डॉ. शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच के निर्देश दिए गए है और जांच के बाद लापरवाही सामने आने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### बिना नोटिस, बिना भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया और बिना मुआवजा कार्रवाई

## राजमहल चौक-समनापुर रोड चौड़ीकरण विवाद पहुंचा हाईकोर्ट



कवर्धा जिले के व्यस्त राजमहल चौक से समनापुर रोड तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा बिना नोटिस, बिना भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया और बिना मुआवजा दिए सड़क के दोनों ओर स्थित मकानों और दुकानों को हटाने की तैयारी की जा रही है। इस पूरे मामले को लेकर अब मामला छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बिलासपुर पहुंच गया है। कवर्धा निवासी अधिवक्ता सत्यम शिवम सुंदरम शुक्ला ने इस संबंध में राज्य शासन सहित प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत रिट याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि सड़क चौड़ीकरण के नाम पर प्रशासन मनमाने ढंग से कार्रवाई की तैयारी कर रहा है जबकि प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की लिखित सूचना नहीं दी गई है और न ही भूमि अधिग्रहण की वैधानिक प्रक्रिया अपनाई गई है। याचिका में बताया गया है कि राजमहल चौक से समनापुर रोड तक सड़क के दोनों किनारों पर बड़ी संख्या में दुकानें, मकान और कार्यालय स्थित हैं। इनमें कई संपत्तियां स्वामित्व भूमि, कुछ पट्टे की भूमि, कुछ नजूल भूमि पर बनी हुई हैं। इसके बावजूद प्रशासन ने प्रभावित लोगों को कोई आधिकारिक नोटिस नहीं दिया है।

## सरगुजा, मैनपुर क्षेत्र में जमकर गिरे ओले, बिछी बर्फ की चादर



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर और देवभोग अंचल में सोमवार को मौसम ने अचानक रौद्र रूप धारण कर लिया। भीषण गर्मी और उमस के बीच दोपहर बाद आए आंधी-तूफान और ओलावृष्टि ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। छत्तीसगढ़ के 'मिनी कश्मीर' के नाम से प्रसिद्ध पहाड़ी गांव आमामोरा और ओड़ में आधे घंटे तक हुई भारी ओलावृष्टि ने तबाही के निशान छोड़े हैं।

## दिन में छाया अंधेरा, बौछारों के साथ जगह-जगह गिरे ओले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

जिले में सोमवार को मौसम में आए बदलाव के कारण अपराह्न 3 बजे आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही चारों ओर अंधेरा छा गया। लम्बे अर्से बाद इस तरह की स्थिति निर्मित हुई जब दिन में लोगों को उजाले के लिए लाइट जलानी पड़ी।

इस दौरान तेज हवाएं भी चली तथा बूंदाबादी के साथ देर तक गरज-चमक होती रही। कुछ देर बाद शहर के कुछ हिस्सों में हल्की वर्षा हुई जबकि कई स्थानों पर तेज हवा के साथ वर्षा हुई वहीं कुछ क्षेत्रों में बौछारों के साथ ओले गिरे। मौसम विभाग के प्रभारी अधिकारी एसके मंडल ने बताया कि पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से देश के विभिन्न क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका प्रभावी है। जिससे खाड़ी से लगातार नमी पहुंच रही है तथा विक्षोभ को ताकत दे रही है।

### मैनपाट में गिरे ओले

पठारी क्षेत्र मैनपाट में सोमवार को शाम 5 बजे आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही तेज रफ्तार हवाएं चली तथा 15 मिनट तक बौछारों के साथ ओले गिरे। ओलावृष्टि से कहीं कुछ क्षति होने की सूचना नहीं है। मैनपाट अंतर्गत ग्राम पंचायत कमलेश्वरपुर, कुनिया, बरिमा नर्मदापुर, कंडराजा, ओरंगा सहित अन्य पठारी क्षेत्रों में हल्की वर्षा के साथ ओले गिरने की सूचना है। ओलावृष्टि, से आम, लीची, महुआ सहित अन्य उद्यानिकी फसलों को भारी क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। विकासखण्ड मुख्यालय उदयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में झमाझम बारिश होने के साथ ही कहीं-कहीं अत्यंत छोटे आकार के ओले गिरने की सूचना है।

### सब्जी एवं उद्यानिकी फसलों को नुकसान

बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से सब्जियों एवं उद्यानिकी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। वर्तमान में आम एवं लीची के बौर में फल लगना शुरू हुए है। तेज हवा के साथ हुई बारिश एवं ओले गिरने से आम, लीची के फल झड़ गए हैं। बारिश एवं ओलावृष्टि से महुआ की फसल के भी प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है। बारिश को गेहूं सहित अन्य रबी फसलों के लिए लाभदायक बताया जा रहा है वहीं अरहर की फसल में कीट का प्रकोप बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। ओलावृष्टि से टमाटर, गोभी, सेम सहित अन्य सब्जियों की फसल प्रभावित हुई है।

# ब्लैकमेलिंग से त्रस्त नाबालिग ने की थी डांस टीचर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

डांस टीचर की हत्या के मामले में पुलिस ने नाबालिग छात्र को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के बीच अप्राकृतिक संबंध थे, जिसको लेकर टीचर, छात्र को ब्लैकमेल करने लगा और अक्सर बुलाने लगा था। इससे त्रस्त होकर छात्र ने टीचर की हत्या कर दी थी। पुलिस ने नाबालिग को अभिरक्षा में ले लिया है।

- डांस टीचर की अनैतिक हरकतों से हो गया था परेशान

कोतवाली क्षेत्र के लालपुर नर्सरी के पीछे 17 जनवरी को हुई डांस शिक्षक की बहुचर्चित हत्या का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। प्रेसवार्ता में आज पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि 17 जनवरी को लालपुर नर्सरी के पीछे सड़क पर एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जांच की तो युवक के गले पर चाकू से वार कर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। मृतक की पहचान सत्यमदास मानिकपुरी (27) निवासी वार्ड क्रमांक 26 घोठिया रोड कवर्धा के रूप में हुई, जो पेशे से डांस शिक्षक था। पांडातराई क्षेत्र के एक निजी स्कूल में बच्चों को डांस सिखाता था। मामले में थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 30/2026 धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, अमित पटेल और एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक सहित अन्य अधिकारियों के पर्यवेक्षण में विशेष टीमें गठित की गईं।



### कई स्कूल में जाता था टीचर

बताया जा रहा है कि डांस टीचर सत्यम कई स्कूलों में जाता था। ऐसी चर्चा है कि उसने कई लोगों से अप्राकृतिक संबंध बनाए थे। इस 10वीं के छात्र से टीचर के पूर्व परिचित ने परिचय कराया था। पहले से दोनों की सहमति बताई जा रही है। उसके बाद टीचर छात्र को बार- बार बुलाकर संबंध बनाने लगा था, जिससे वह परेशान हो गया था।

# अफीम की खेती और तस्करी में शामिल दो सरगना को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के कुसमी क्षेत्र में अफीम की खेती करने वाले दो सरगना को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने झारखण्ड के चतरा और बिहार के गया क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बड़ी बात यह है की त्रिपुरी और खजुरी क्षेत्र में की जा रही अफीम की खेती में एक ही गिरोह के शामिल होने की बात कही जा रही है। पुलिस अब गिरफ्तार किए गए आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की बात कह रह है जिससे तस्करों के नेटवर्क का खुलासा हो सकेगा। इसके साथ ही आने वाले दिनों में और भी आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही जा रही है।

- आपस में जुड़े है सभी तस्करों के तार

बता दें कि बलरामपुर जिले के कुसमी विकासखंड में अफीम की खेती का खुलासा हुआ। तस्करों द्वारा झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों को अपना सुरक्षित ठिकाना बनाया था और लम्बे समय से अफीम की खेती कर रहे थे। तस्कर बड़े पैमाने पर अफीम निकालकर उसकी तस्करी भी कर चुके थे। खुलासा होने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व प्रशासन की टीम ने त्रिपुरी घोरसाडांड में 3.67 एकड़ से जड़, ताना, फूल, पत्ती समेत 43. 49 क्विंटल अफीम, 1.900 किलोग्राम अफीम का लासा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 4.75 करोड़ रूपए आंकी गई है। इसके साथ ही खजुरी के तुर्रीपानी में 1.47 एकड़ खेत से 18.83 क्विंटल अफीम बरामद किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत 2 रूपए आंकी गई है।



पुलिस गिरफ्त में सरगना।

### चल रही है जांच



हमने अफीम की खेती के मामले में दो सरगना को झारखंड के चतरा और बिहार के गया क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और उन्हें पुलिस रिमांड में लिया जाएगा। तस्करों का एक अन्तर्राज्यीय नेक्सस काम कर रहा था। इस मामले में एंड टू एंड कार्रवाई करते हुए इस कारोबार में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। हमारी टीम जांच में जुटी हुई है।

**-वैभव बैंकर रमनलाल**
एसपी बलरामपुर

### प्रशासन, प्रबंधन घंटों किसान को मनाने में जुटा रहा

# मुआवजे के लिए किसान टॉवर पर चढ़ा, सात घंटे बाद 50 लाख में समझौता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

अलग खबर

रायपुर के क्षेत्र में आज न्याय की उम्मीद खो चुके एक किसान के आत्मघाती कदम ने पूरे प्रशासनिक अमले के हाथ-पांव फुला दिए। ग्राम पंचायत सोडरा निवासी 54 वर्षीय किसान किसन लाल निषाद पिता स्व. लखन निषाद अपनी सुध-बुध भूलकर हाई-टेंशन टॉवर पर जा चढ़ा। किसान को अपनी ही 48 डिसमिल जमीन के लिए 12 वर्षों तक दर-दर भटकने पर मजबूर कर दिया।एक उद्योग पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ति किसान सुबह सात बजे ही रस्सी और पेट्रोल की बोतल लेकर टावर पर जा बैठा, जिसे देख इलाके में सनसनी फैल गई। किसन लाल निषाद का यह आक्रोश उस व्यवस्था के खिलाफ था जिसने कोर्ट का फैसला पक्ष में होने के बावजूद उन्हें हक नहीं दिलाया। पिछले एक दशक से अधिक समय से वे सरकारी दफ्तरों की चौखट घिस रहे थे, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही थी। मौके पर पहुंचे धरसींवा तहसीलदार ने भी इस बात की तस्दीक की कि भूमि विवाद में न्यायालय पहले ही किसान के पक्ष में फैसला सुना चुका है।

### 7 घंटे तक चलता रहा मनाने का खेल

लगभग 7 घंटों तक चले हाई-वोल्टेज ड्रामे के दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारी नीचे से मिन्नतें करते रहे, लेकिन किसन लाल निषाद अपनी जमीन की वास्तविक वापसी और ठोस कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। अंततः, जब मामला हाथ से निकलता दिखा और जनभावनाएं उग्र होने लगीं, तब उद्योग प्रबंधन को झुकना पड़ा। प्रशासनिक मध्यस्थता के बीच यह तय हुआ कि उद्योग प्रबंधन उक्त 48 डिसमिल जमीन के बदले किसान किसन लाल निषाद को 50 लाख रुपये का भुगतान करेगा। इस लिखित आश्वासन और समझौते के बाद ही दोपहर बाद किसान सुरक्षित नीचे उतरा।



### डटा रहा भारी अमला

जैसे ही किसान के टावर पर चढ़ने की खबर फैली, पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थिति को संभालने के लिए एसडीएम नंद कुमार चौबे, सिलतरा चौकी प्रभारी राजेन्द्र कवर और तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे दलबल के साथ मौके पर डटे रहे।

### मुआवजे पर समझौता कराया गया

यह भूमि विवाद काफी पुराना है और न्यायालय का फैसला पहले ही किसान के पक्ष में आ चुका है। प्रशासन अदालती आदेश को लागू कराने की प्रक्रिया में था। आज की स्थिति को देखते हुए, उद्योग प्रबंधन और पीड़ित किसान के बीच आपसी सहमति से 50 लाख रुपये के मुआवजे पर समझौता कराया गया है। हमारा मुख्य उद्देश्य किसान की जान बचाना और उन्हें उनका जायज हक दिलाना था।

**-बाबूलाल कुर्रे**, तहसीलदार धरसींवा

बिलासपुर
मंगलवार 17 मार्च 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 25, अंक : 354
पृष्ठ : 10+6+8 =24, मूल्य : 5 .00***

मौसम
अधि. 37.7
न्यून. 25.0

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


7 सिनर ने मेदवेदेव को हराकर जीता ...

विचार पेज
2 राष्ट्रीय राजनीति भी तय करेंगे विस चुनाव




## खबर संक्षेप

### कोच्चि से दुबई जा रही एमिरेट्स की उड़ान लौटी



**कोच्चि।** कोच्चि से दुबई जाने वाली एमिरेट्स की एक उड़ान हवाई अड्डे से मिली सुरक्षा संबंधी सूचना के बाद सोमवार को यहां लौट आयी। उड़ान ईके533 यहां सीआईएएल से सुबह 4:30 बजे 325 यात्रियों को लेकर रवाना हुई।

### दिल का दौरा पड़ने से सेना के जवान की मौत

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर ड्यूटी के दौरान सेना के एक जवान की संदिग्ध रूप से दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। नायक तिलक सिंह कृष्णा घाटी सेक्टर के अग्रिम नांगी तकरी क्षेत्र में तैनात थे। 'व्हाइट नाइट कोर' वीर नायक तिलक सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

### सगाई आभूषण चोरी कूरियर से लौटाए

**तिरुपति।** तिरुपति में एक सगाई समारोह के दौरान सोने के आभूषण चोरी हो गए लेकिन दिलचस्प बात यह रही कि चोरी किए गए आभूषण को कूरियर के माध्यम से लौटा दिया गया। करीब 20 दिन पहले तिरुपति निवासी एक दंपति सगाई समारोह में शामिल होने नायडुपेटा आए थे और समारोह स्थल से उनके गहने चोरी हो गए थे।

### सड़क हादसे में उत्तराखंड के चार लोगों की मौत



**लखनऊ/मुरादाबाद।** मुरादाबाद जिले के मूढ़ा पांडे इलाके में सोमवार तड़के तेज रफ्तार कार पीछे से ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई, जिससे कार सवार चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। सभी मृतक उत्तराखंड राज्य के निवासी थे और दिल्ली जा रहे थे। चारों दिल्ली में नौकरी करते थे और दो दिन पहले हल्द्वानी में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे।

## बिहार में एनडीए के पांच प्रत्याशी जीते, हरियाणा में काउंटिंग पर फंसा पेंच

# बिहार में महागठबंधन को झटका, ओडिशा राज्यसभा चुनाव में हो गया सियासी खेला

*देश के 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव पूरा हो गया। 37 में से 26 उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध चुने गए। हरियाणा, बिहार और ओडिशा की 11 राज्यसभा सीटों के लिए सोमवार को मतदान हुआ। एनडीए ने बिहार की सभी पांचों राज्यसभा सीटों पर जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन राज्यसभा पहुंच गए हैं। ओडिशा और हरियाणा में विवाद की स्थिति निर्मित हुई।*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/पटना**

बिहार में राज्यसभा चुनाव के लिए हुए मतदान के बीच जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता और मंत्री श्रवण कुमार ने दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सभी 202 विधायकों ने वोट डाल दिया है जबकि विपक्षी महागठबंधन के चार विधायकों ने अब तक मतदान नहीं किया है। कुमार के अनुसार राजग के सभी विधायकों की एकजुटता स्पष्ट दिखाई दी है और गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनावी मुकाबले में खड़ा है। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान राजग के सभी 202 विधायकों ने वोट डालकर अपनी एकता और रणनीतिक मजबूती का प्रदर्शन ▶▶|शेष पेज 6 पर

### बिहार में महागठबंधन के पांच विधायक मतदान के लिए नहीं पहुंचे

#### बिहार और ओडिशा में क्रॉस वोटिंग

बिहार और ओडिशा में मतदान के दौरान कांग्रेस विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। बिहार में एनडीए के सभी 202 विधायकों ने, जबकि महागठबंधन की तरफ से 37 विधायकों ने वोट डाले। कांग्रेस के तीन और आरजेडी के एक विधायक नदारद रहे। हरियाणा में 90 विधायक में से 88 विधायकों ने वोट डाला। इंडियन नेशनल लोकदल के दोनों विधायक अर्जुन चौटाला और आदित्य देवीलाल वोटिंग से दूर रहे।





#### नीतीश और नितिन को 44-44 वोट मिले

चुनाव में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन को 44-44 वोट मिले। वहीं रामनाथ ठाकुर और उपेंद्र कुशवाहा को 42-42 वोट मिले हैं। 5वीं सीट के लिए पहली वरीयता में बीजेपी कैंडिडेट शिवेश राम को 30 वोट मिले थे। हालांकि दूसरी वरीयता में शिवेश राम ने राजद के एडी सिंह को हरा दिया है। एडी सिंह को 37 वोट मिले हैं। हालांकि, राजद विधायक सर्वजीत ने दावा किया है कि उन्हें 38 वोट मिले हैं।

#### खड़गे ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा- चुनाव की निष्पक्षता और पवित्रता में हस्तक्षेप करने की स्पष्ट कोशिश की जा रही है और इसे चुनाव आयोग को तुरंत रोकना या ठीक करना चाहिए। इसके अलावा, हमारे वैध मतदाताओं या डाले गए वोटों को अयोग्य ठहराने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह पूरी तरह से चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने और पटरी से उतारने का प्रयास है।

#### ओडिशा में बीजद-भाजपा विधायकों में हाथापाई

ओडिशा में बीजद और भाजपा के विधायक भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों के विधायकों में हाथापाई हुई। इसके बाद दोनों पार्टियों के नेताओं ने अपने-अपने विधायकों को समझा कर मामला शांत कराया। विधायकों के बीच हुई हाथापाई का विडियो सामने आया है। विधायक नव मलिक को लेकर दोनों पक्षों के बीच काफी खींचतान हुई।

## ओडिशा के सरकारी अस्पताल में बड़ा हादसा

# आईसीयू में भीषण आग से 10 मरीजों की मौत, 11 कर्मी झुलसे



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भुवनेश्वर**

ओडिशा सरकार द्वारा संचालित एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आईसीयू में रविवार देर रात भीषण आग लगने से कम से कम 10 मरीजों की मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बताया कि मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने के दौरान अस्पताल के करीब 11 कर्मचारी झुलस गए। मुख्यमंत्री ने छह सदस्यों की एक जांच टीम बनाई है, जो आग लगने की वजह की जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट देगी। सीएमओ की ओर से जारी बयान के अनुसार, विकास आयुक्त ▶▶|शेष पेज 6 पर



#### सात जले, तीन का दम घुटा

ट्रॉमा केयर गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) और उससे सटे आईसीयू व वार्ड में 23 मरीज भर्ती थे। आग लगने से सात मरीजों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोगों की मौत दम घुटने से हुई। अस्पताल के ट्रॉमा केयर विभाग के आईसीयू में आग लगी, जहां गंभीर रूप से बीमार मरीजों का इलाज किया जा रहा था।

#### सीएम साय ने जताई संवेदना



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ओडिशा के कटक स्थित एससीबी मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा केयर आईसीयू में आग लगने की दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत पीड़ादायक और हृदयविदारक बताया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुखद घड़ी में छत्तीसगढ़ की जनता उनके साथ खड़ी है।

# माइकल सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, बकले सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री

**एजेंसी ▶▶| लॉस एंजिलिस**

हॉलीवुड अभिनेता माइकल बी. जॉर्डन को फिल्म 'सिनर्स' में उनके दमदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का ऑस्कर खिताब प्रदान किया गया। इस फिल्म को रिकॉर्ड 16 अकादमी पुरस्कारों के लिए नामित किया गया था। पिछले साल के विजेता एड्रियन ब्रॉडी ने रविवार रात जॉर्डन के नाम की घोषणा की। जॉर्डन सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीतने वाले छठे अश्वेत अभिनेता हैं। वह विल स्मिथ ('किंग रिचर्ड', 2020), ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ऑस्कर 2026 : फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म



#### भारतीय फिल्म को नहीं मिला था नामिनेशन

इस साल किसी भी भारतीय फिल्म को नॉमिनेशन नहीं मिला था। भारतीय मूल की फिल्ममेकर गीता गंदभीर की 2 डॉक्यूमेंट्री फिल्मों को नॉमिनेशन मिला था। हालांकि दोनों अवॉर्ड जीतने से चूक गईं।

#### ऑस्कर के मंच पर प्रियंका



*फिल्म जगत के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में एक ऑस्कर के मंच पर भारत को एक संक्षिप्त, शानदार क्षण का अनुभव तब हुआ जब प्रियंका चोपड़ा जोनस ने सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया। प्रियंका के साथ जेवियर बार्डेम भी थे, जिन्होंने 'युद्ध नहीं, फलस्तीन को मुक्त करो' की घोषणा करके सबका ध्यान आकर्षित किया।*






## चिंतन

# वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बनता जा रहा है युद्ध

दुनिया एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां युद्ध की लपटें केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रह जातीं, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को अपनी चपेट में ले लेती हैं। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव अब केवल कूटनीतिक या सैन्य संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि इसका सीधा असर आम आदमी की जेब और रसोई तक पहुंच गया है। यह युद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए धीरे-धीरे एक बड़े खतरे का रूप लेता जा रहा है। इतिहास गवाह है कि जब भी मध्य-पूर्व में संघर्ष बढ़ता है, तो उसका पहला और सबसे बड़ा असर ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी इसका तात्कालिक परिणाम होती है। तेल महंगा होने का मतलब है परिवहन महंगा होना, उद्योगों की लागत बढ़ना और अंततः हर वस्तु की कीमत में वृद्धि। यही कारण है कि जैसे-जैसे इस युद्ध की आहट तेज हो रही है, वैश्विक बाजारों में अस्थिरता भी बढ़ती जा रही है। निवेशकों में घबराहट है, शेयर बाजार गिर रहे हैं और अर्थव्यवस्था की रफ्तार पर अनिश्चितता का साया गहरा रहा है। इस संकट का असर अब आम जनजीवन पर भी स्पष्ट दिखने लगा है। विमान किराए में अचानक बढ़ोतरी इसका एक उदाहरण है। इसी तरह रसोई गैस और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। होटल और ढाबों में खाना भी महंगा हो गया है, क्योंकि कमर्शियल गैस की उपलब्धता कम हो रही है और कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। बाजार की स्थिति भी चिंता पैदा करने वाली है। शेयर बाजार में लगातार गिरावट से निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिन लोगों ने अपनी बचत और पूंजी बाजार में लगाई थी, वे अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं। वैश्विक तनाव का असर केवल बड़े निवेशकों पर ही नहीं, बल्कि छोटे निवेशकों और मध्यम वर्ग पर भी पड़ रहा है। युद्ध का एक और बड़ा असर वैश्विक सप्लाई चेन पर पड़ता है। जब अंतरराष्ट्रीय व्यापार और परिवहन प्रभावित होते हैं, तो जरूरी सामानों की आपूर्ति बाधित हो जाती है। हाल के दिनों में इंडक्शन चूल्हों की मांग में 400 से 500 प्रतिशत तक बढ़ोतरी इसी का उदाहरण है। रसोई गैस की अनिश्चितता के कारण लोग वैकल्पिक साधनों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन इनकी आपूर्ति भी सीमित है। चीन से कच्चा माल आने में लगभग 45 दिन का समय लगने के कारण बाजार में इनकी उपलब्धता तुरंत बढ़ पाना संभव नहीं है। महंगाई का यह दबाव केवल घरेलू स्तर तक सीमित नहीं रहेगा। थोक महंगाई दर में वृद्धि होने पर उसका असर खुदरा बाजार में भी दिखाई देता है। यानी रोजमर्रा की जरूरत की चीजें खाद्य पदार्थ, परिवहन, बिजली और अन्य सेवाएं सब कुछ महंगा हो जाता है। इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है, जिनकी आय सीमित होती है, लेकिन खर्च लगातार बढ़ता चला जाता है। ऐसे समय में वैश्विक शक्तियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। कूटनीति और संवाद के माध्यम से समाधान निकालना ही इस संकट से बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता है। यदि यह संघर्ष लंबा खिंचता है, तो न केवल ऊर्जा संकट गहराएगा, बल्कि वैश्विक आर्थिक मंदी का खतरा भी बढ़ सकता है। इसका असर विकासशील देशों पर सबसे ज्यादा पड़ेगा, जहां पहले से ही महंगाई और बेरोजगारी जैसी चुनौतियां मौजूद हैं। आज जरूरत इस बात की है कि विश्व समुदाय मिलकर इस युद्ध को रोकने की दिशा में ठोस कदम उठाए। शांति और स्थिरता ही वह आधार है जिस पर वैश्विक अर्थव्यवस्था टिक सकती है।



चुनाव
राज कुमार सिंह

# राष्ट्रीय राजनीति भी तय करेंगे विस चुनाव

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की रणभेरी बज गई है, लेकिन सबसे ज्यादा निगाहें पश्चिम बंगाल के चुनाव पर रहेंगी। कांग्रेस छोड़ अपनी अलग तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी वहां तीन बार से मुख्यमंत्री हैं। दिलचस्प समीकरण यह कि पहले सत्ता में रही कांग्रेस और फिर तीन दशक से भी ज्यादा सत्तारूढ़ रहा वाम मोर्चा अब बंगाल की राजनीति में हाशिये पर हैं, जबकि भाजपा मुख्य विपक्षी दल बन चुकी है। पिछले चुनाव में भी भाजपा ने बंगाल में बदलाव का माहौल तो बनाया था, लेकिन 294 सदस्यीय विधानसभा में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई, जबकि ममता की तृणमूल 215 सीटें जीत गई। दोनों दलों के मत प्रतिशत में भी 10 प्रतिशत का भारी अंतर रहा।

पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। चुनाव परिणाम इन पांच राज्यों में भावी सरकार का फैसला ही नहीं करेंगे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की दिशा भी बताएंगे। इन राज्यों का सत्ता संग्राम ज्यादा दिलचस्प इसलिए भी होगा, क्योंकि दो राज्यों में केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन राजग की सरकारें हैं तो तीन में विपक्षी गठबंधन इंडिया की। सत्ता तो हर राज्य की महत्वपूर्ण होती है, पर सबसे ज्यादा निगाहें पश्चिम बंगाल के चुनाव पर रहेंगी। कांग्रेस छोड़ अपनी अलग तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी वहां तीन बार से मुख्यमंत्री हैं। दिलचस्प समीकरण यह कि पहले सत्ता में रही कांग्रेस और फिर तीन दशक से भी ज्यादा सत्तारूढ़ रहा वाम मोर्चा अब बंगाल की राजनीति में हाशिये पर हैं, जबकि भाजपा मुख्य विपक्षी दल बन चुकी है। पिछले चुनाव में भी भाजपा ने बंगाल में बदलाव का माहौल तो बनाया था, लेकिन 294 सदस्यीय विधानसभा में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई, जबकि ममता की तृणमूल 215 सीटें जीत गई। दोनों दलों के मत प्रतिशत में भी 10 प्रतिशत का भारी अंतर रहा।

बेशक तीन सीटों से 77 सीटों की छलांग कम चमत्कारिक नहीं, पर बहुमत का आंकड़ा 147 है। तमाम तिकड़मों के बावजूद भाजपा उसका आधा सफर ही तय कर पाई। दो सीटों से लड़ीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चर्चित नंदीग्राम सीट से शुभेंदु अधिकारी द्वारा हरा देना शायद भाजपा की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। कभी कांग्रेस, फिर तृणमूल कांग्रेस में रहे शुभेंदु बंगाल में भाजपा के सबसे बड़े नेता हैं। लगातार तीन कार्यकाल के बाद ममता और तृणमूल के विरुद्ध सत्ता विरोधी भावना की संभावना से इनकार नहीं, पर उसका चुनावी लाभ उठाने के लिए स्वीकार्य विश्वसनीय चेहरा और मजबूत संगठन तो चाहिए।

विशाल अल्पसंख्यक वोट बैंक तृणमूल कांग्रेस की बड़ी चुनावी ताकत है। इसीलिए भाजपा हिंदू मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने की कवायद करती रहती है। इस कवायद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सक्रियता से भाजपा अपने और तृणमूल के बीच के फासले को कितना तय कर पाएगी पश्चिम बंगाल का चुनाव परिणाम इस पर काफी निर्भर करेगा। पिछली बार मिल कर लड़े कांग्रेस और वाम मोर्चा इस बार अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरेंगे। उनकी सीमित चुनावी भूमिका में यह देखना दिलचस्प रहेगा कि वे तृणमूल के अल्पसंख्यक वोट बैंक में सेंध लगाते हैं या फिर सत्ता विरोधी मतदाताओं में हिस्सा बंटा कर भाजपा को नुकसान पहुंचाते हैं। एक बात तय है कि यह चुनाव ममता और भाजपा, दोनों के लिए करो या मरो वाला रहेगा। ममता के लिए यह चुनाव सबसे चुनौतीपूर्ण होगा। इसलिए भाजपा के लिए बंगाल में सरकार बनाने का यह सबसे अनुकूल अवसर भी माना जा रहा है।

अगर ममता चौथी बार भी जनादेश पाने में सफल रहीं तो विपक्षी गठबंधन इंडिया के जरिये राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को नजरअंदाज करना कांग्रेस के लिए मुश्किल हो जाएगा। तमिलनाडु की राजनीति अरसे तक



द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच दो ध्रुवीय रही, लेकिन जयललिता के निधन के बाद वह संतुलन गड़बड़ा गया है। अन्नाद्रमुक के एकीकरण और उससे गठबंधन के जरिये भाजपा वहां सत्ता परिवर्तन की संभावनाएं तलाश रही है, लेकिन एम के स्टालिन सरकार के कार्यकाल में रह-रह सनातन धर्म और हिंदी भाषा को ले कर उठते रहे विवादों के बावजूद यह आसान नहीं लगता। हां, टीवीके नामक दल बना कर फिल्म अभिनेता से राजनेता बने थलापति विजय अगर बड़ी ताकत बन कर उभरे तो तमाम समीकरण गड़बड़ा सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर तो द्रमुक और कांग्रेस, इंडिया गठबंधन में शामिल हैं ही, तमिलनाडु में भी दोनों में पुराना गठबंधन है। अगर द्रमुक गठबंधन सत्ता बचाने में सफल रहा तो उससे राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन का भी मनोबल बढ़ेगा ही। अन्य क्षत्रपों की तरह एम के स्टालिन भी अपने बेटे उदयनिधि की ताजपोशी करना चाहते हैं, लेकिन उनकी राष्ट्रीय राजनीतक महत्वाकांक्षाओं का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला है। वैसे सनातन और हिंदी विरोधी छवि के मद्देनजर एम के स्टालिन के लिए राष्ट्रीय राजनीति की डगर आसान होगी भी नहीं। इंडिया गठबंधन भी उनसे जुड़े विवादों से बचना ही चाहेगा। अगर टीवीके की चुनावी मौजूदगी से गैर द्रमुक दलों की सत्ता संभावनाएं बनीं तो वह एक धुर दक्षिण भारतीय राज्य में भाजपा के लिए बिना टिकट खरीदे ही लॉटरी खुल जाने से कम नहीं होगा। पांच चुनावी राज्यों में भाजपा की जीत की सबसे बेहतर संभावनाएं असम में हैं। अरसे से घुसपैठ और जनसांख्यिकी परिवर्तन जैसे मुद्दों से घिरे रहे असम में लगातार दूसरी बार भाजपा सरकार है।

पूर्व कांग्रेसी हिमंत बिस्वा सरमा ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा का जैसा विस्तार करवाया, उसके पुरस्कार स्वरूप उन्हें पिछले चुनाव के बाद असम का मुख्यमंत्री बनाया गया। भाजपा के लाड़ले हिमंत इस समय कांग्रेस ही नहीं, राहुल गांधी के भी सबसे मुखर आलोचक हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा को भाजपा में शामिल करवा कर हिमंत ने कांग्रेस को एक और बड़ा झटका चुनाव से ठीक पहले दिया। बेशक असम की राजनीति में गठबंधन आज भी निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा और कांग्रेस में से कौन बेहतर ढंग से चुनावी गठबंधन को अंजाम दे पाता है। राहुल के करीबी गौरव गोगोई के राजनीतिक भविष्य का फैसला भी काफी हद तक ये चुनाव कर देंगे।

केरल की दो ध्रुवीय राजनीति में भाजपा के लिए ज्यादा संभावनाएं हैं नहीं। बेशक वहां से लोकसभा चुनाव जीते अभिनेता गोपी केंद्र में मंत्री बनाए गए। हाल ही में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा अपना मेयर भी बनाने में सफल हो गई, लेकिन केरल की सत्ता की जंग अभी भी मुख्यतः वाम मोर्चा यानि एलडीएफ और कांग्रेसनीत मोर्चा यूडीएफ के बीच ही सिमटी है। कोई भी जीते, सत्ता इंडिया गठबंधन के पास ही रहेगी, लेकिन ध्यान रहे कि देश में केरल एकमात्र राज्य है, जहां वाम सत्ता बची हुई है। उस किले का ढ़हना वाम राजनीति पर विराम जैसा होगा। केंद्रशासित पुदुचेरी की राजनीति बहुत कुछ तमिलनाडु की तर्ज पर चलती है। पिछली बार पासा पलट गया, क्योंकि द्रमुक की दोस्त कांग्रेस का चुनावी प्रदर्शन बेहद लचर रहा। परिणामस्वरूप क्षेत्रीय दल एनआरकांग्रेस और भाजपा मिल कर सरकार बनाने में सफल हो गए। इस बार वहां गठबंधन की बिसात पर कौन कैसा प्रदर्शन करेगा, सत्ता का जनादेश उसी समीकरण पर निर्भर करेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## ग्लोबल वार्मिंग
ऋतुपर्ण दवे




# क्यों मार्च का यह महीना माथे पर ला रहा पसीना?

इस बार मार्च में होने वाली तपन का अहसास फरवरी से ही होने लगा था, लेकिन इस बात का अंदेशा जरूर नहीं था कि गर्मी कई इलाकों में रिकॉर्ड तोड़ेगी। इसके पीछे प्राकृतिक कारणों से ज्यादा मानवीय कारण हैं, जिसके चलते जलवायु परिवर्तन का असर साफ-साफ दिखने लगा है। ज्यों ही फरवरी का वैश्विक तापमान 1.49 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ, मार्च को लेकर वैज्ञानिक चिंतित हो गए। हुआ भी वही। भारत के संदर्भ में देखें तो अभी से भीषण गर्मी की स्थिति मिश्रित जलवायु जोखिम की घटनाएं बन रही है। इसे कम्पाउंड क्लाइमेट रिस्क कहते हैं जो कई खतरनाक स्थितियों के चलते एक साथ, या एक के बाद एक लगातार उत्पन्न होती है। इसके ठीक उलट रात अपेक्षाकृत ठण्डी होती है और कई जगह दिन बहुत गर्म। यही सब मिलकर अत्याधिक विनाशकारी परिणामों का कारण बनते हैं। ऐसा लगता है कि अप्रैल-मई सा कहर अभी शेष बचे पखवाड़े में इसी मार्च दिखेगा। हालांकि भारत के मौसम विभाग (आईएमडी) ने मार्च के लिए अपने अनुमान में पहले ही साफ कर दिया था कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, मध्य भारत और प्रायद्वीपीय में दिन का तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है और गुजरात, मध्यप्रदेश व आंध्र प्रदेश में सामान्य से ज्यादा तेज गर्म हवाएं चलेंगी। दिल्ली में तो 7 मार्च को ही अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा जो बीते 50 वर्षों में पहली बार मार्च के पहले हफ्ते में इतना अधिक था, जबकि महानगर मुंबई भी बुरी तरह से गर्मी की चपेट में है यहां दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है और लोग गर्मी से इस कदर बेचैन हैं कि भारत मौसम विज्ञान विभाग को सचेत करते हुए वहां ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी करना पड़ा। जबकि गुजरात के राजकोट और सुरेंद्रनगर में तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो देश में सबसे अधिक था। भारत के कई क्षेत्रों विशेषकर उत्तर-पश्चिमी राज्यों में मार्च की शुरुआत में ही अच्छी खासी गर्मी महसूस होने लगी। कई जगहों पर तापमान सामान्य से 8 से 13 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया। अमूमन ऐसी स्थिति को हीटवेव माना जाता है। हैरानी वाली बात यह है कि पहाड़ी ठंडे क्षेत्रों में पारा तेजी से बढ़ रहा है जो बेहद चिंताजनक है। इसी दौरान हिमाचल की राजधानी शिमला में भी तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। वहीं, राज्य के कांगड़ा, मंडी, कुल्लू और सोलन जिलों में जबरदस्त गर्मी की चेतावनी जारी की गई है, जबकि 15 मार्च तक बारिश का पूर्वानुमान है। बीता 8 मार्च पूरे राज्य में शुष्क मौसम के रूप में दर्ज हुआ, जबकि सुंदरनगर, धर्मशाला, सोलन और भुंतर में जबरदस्त गर्मी रही। अब प्रकृति का संतुलन कहें या बिगड़ा मिजाज दोनों देखने को मिल रहे हैं। उना की ऐसी ही मौसमी घटना चिंता बढ़ाने वाली है जहां दिन में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा जबकि कुकुमसेरी (लाहौल-स्पीति) में रात का तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अब यह गर्मी दुनिया भर में महज आंकड़े गिनाने तक सीमित नहीं रही बल्कि कई देशों में बाढ़, बारिश और भीषण तूफानों के रूप में भी लोगों के जीवन पर भारी पड़ रही है। जहां फरवरी में यूरोप और उत्तरी अफ्रीका के तमाम देशों में लगातार बारिश से शहर और गांव डूब गए वहीं ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में आई बाढ़ ने बड़ी जनसंख्या को बेघर कर दिया। फ्रांस, स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को में लगातार भारी बारिश से कई शहर और गांव डूब गए। सड़कों पर नदियां बहने लगीं, घरों में पानी भर गया और हजारों लोगों की जिंदगी और रोजी-रोजगार भी तबाह हो गए। इसकी वजह मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि सर्दियों में बारिश कम होती है तो पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस कम आते हैं जिससे जमीन सूखी रह जाती है और ऐसे हालातों में धूप जमीन पर पड़ते ही तेज गर्म होने लग जाती है। वहीं यदि बारिश होती तो जमीन नम रहती और भाप बनकर उड़ती जिस कारण गर्मी हौले-हौले बढ़ती, जो नहीं हुआ। मौसम के जानकार बताते हैं कि नवंबर 2025 से पर्याप्त वेस्टर्न डिस्टर्बेंस नहीं आए, जिसके चलते सर्दियों में बारिश-बर्फबारी कम हुई साथ ही समुद्र से नमीं लाने वाली हवाएं भी नहीं चलना, दूसरा बड़ा कारण बना। दरअसल, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस वो मौसम तंत्र होते हैं, जो पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ते हुए बारिश या बर्फबारी लाते हैं। ये सिस्टम भारत के लिए ईरान के आसपास के क्षेत्रों में बनते हैं और भूमध्य सागर से नमी लेकर भारत तक आते हैं। अच्छा होता कि वक्त रहते सजग हो जाते और पर्यावरण को बिगाड़ने का खेल रोक पाते जिससे मानव के अस्तित्व पर आए संकट को टाला जा सकता है वरना धीरे-धीरे वो दिन करीब आ रहा है जब डायनासोर की तरह कभी धरती पर इंसान भी आबाद था की ओर बढ़ रहे हैं। काश, इतना समझ पाते?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अहिंसा के प्रयोग



संकलित
**दर्शन**

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

# कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहा-मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किये बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहां-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रिओ को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आये हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूपसे बनवायी गयी थी। सभी यात्रियों ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रियों को बोध हो गया कि हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जल संरक्षण के ठोस उपाय जरूरी

हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पूरी दुनिया को यह याद दिलाना है कि पानी केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन की मूलभूत आवश्यकता है। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व जल पर ही निर्भर है। फिर भी आज मानव गतिविधियों के कारण जल संकट तेजी से गंभीर होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1993 से शुरू किया गया यह दिवस दुनिया भर में मीठे पानी के महत्व को रेखांकित करने, जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सतत जल प्रबंधन को प्रोत्साहित करने का एक वैश्विक प्रयास है। पृथ्वी की सतह का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका हुआ है, लेकिन इसमें से केवल लगभग 2.5 प्रतिशत ही मीठा पानी है और उसमें भी बहुत कम मात्रा सीधे मानव उपयोग के लिए उपलब्ध है। जल संरक्षण निहायत ही जरूरी है।

*– रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मोदी जी के नेतृत्व में आप जल संसाधनों के संरक्षण, प्रबंधन और हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करता हूँ। -**अमित शाह**, केंद्रीय गृह मंत्री



### ईरान से पूर्व निधारित समझौता नहीं

होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाले जहाजों के पारगमन के लिए भारत का ईरान के साथ कोई "पूर्व निर्धारित समझौता" नहीं है और प्रत्येक जहाज की आवाजाही एक अलग घटना है। भारत व तेहरान के बीच हुई बातचीत के बाद भारतीय ध्वज वाले दो टैंकर इस महत्वपूर्ण मार्ग से गुजर सके हैं। -**एस जयशंकर**, विदेश मंत्री



### जमीनी हकीकत अलग

पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित कर रही है। अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात इतने खराब नहीं होते। -**मल्लिकार्जुन खरगे**, कांग्रेस, अध्यक्ष



### देश में ईंधन संकट का डर


प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर पैदा हो रहे संकट की पहले से जानकारी थी। इसके बावजूद सरकार ने ईरान के साथ अपने संबंधों को मजबूत नहीं रखा, जिसकी वजह से अब देश में एलपीजी की कमी और ईंधन संकट का डर पैदा हो गया है। -**संजय सिंह**, सांसद आप



## करंट अफेयर

# किम ने बेटी के साथ रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियां देखी


उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी बेटी के साथ बहु रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियों के परीक्षण का निरीक्षण किया। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। इसे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के जारी सैन्य प्रशिक्षण के संभावित जवाब के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की हाल में धमकी दी थी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 'फ्रीडम शील्ड' सैन्य अभ्यास जारी है। दोनों देश के संयुक्त सैन्य अभ्यासों को उत्तर कोरिया अपने ऊपर आक्रमण की तैयारी बताता रहा है। सरकारी 'कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया कि किम ने शनिवार को उत्तर कोरिया के पूर्वी तट के पास 12 अति-सटीक 600 मिमी कैलिबर के रॉकेट प्रक्षेपकों के परीक्षण को देखा। दक्षिण कोरिया की सेना ने शनिवार को जानकारी दी थी कि उत्तर कोरिया ने शनिवार को पूर्वी सागर की ओर लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने इन प्रक्षेपणों को ऐसा उकसावे वाला कदम बताया जो उत्तर कोरिया की किसी भी बैलिस्टिक गतिविधि पर रोक लगाने संबंधी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करता है।



## ऑफ बीट

# पार्किंसंस के लक्षण मर्दों व औरतों में अलग होते हैं

पार्किंसंस एक लगातार बढ़ने वाली बीमारी है जिसमें मस्तिष्क के 'सबस्टैंशिया नाइग्रा' नामक भाग में डोपामाइन नामक रासायनिक संदेशवाहक का उत्पादन करने वाली कोशिकाएं मरने लगती हैं। इसके साथ ही मस्तिष्क में कई अन्य परिवर्तन भी होते हैं। आमतौर पर इसे गति विकार माना जाता है। सामान्य मोटर लक्षणों में आराम की स्थिति में कंपन, धीमी गति (ब्रैडीकाइनेसिया), मांसपेशियों में अकड़न और संतुलन संबंधी समस्याएं शामिल हैं। लेकिन पार्किंसंस रोग में कई कम ज्ञात गैर-गतिशील लक्षण भी शामिल होते हैं। इनमें निम्नलिखित हो सकते हैं- मनोदशा में परिवर्तन स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमता में कठिनाई (जिसमें धीमी गति से सोचना, योजना बनाने या एक साथ कई कार्य करने में चुनौतियां और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई शामिल है) नींद संबंधी विकार स्वायत्त तंत्रिका तंत्र की शिथिलता (जैसे कब्ज, निम्न रक्तचाप और मूत्र संबंधी समस्याएं)। हालांकि इन्हें कभी-कभी पार्किंसंस के 'अदृश्य' लक्षण कहा जाता है, लेकिन ये अक्सर गति विकार लक्षणों की तुलना में जीवन की गुणवत्ता पर अधिक नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। अध्ययन ने इस बात की पुष्टि की कि गैर-गतिशील लक्षण कितने आम हैं।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# निर्माण श्रमिक पंजीयन में अनियमितता श्रम निरीक्षक मरकाम निलंबित

**विधानसभा में श्रम मंत्री की घोषणा के बाद आदेश जारी**




**रायपुर।** मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना से जुड़े प्रकरण में अनियमितता पाए जाने पर जिला जांजगीर-चांपा के श्रम निरीक्षक लक्ष्मण सिंह मरकाम को निलंबित करने की घोषणा श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने सदन में की।

विधानसभा सदस्य बालेश्वर साहू द्वारा विधानसभा में ध्यानाकर्षण के जरिए मुद्दा उठाया गया, जिसमें कहा गया था कि मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में अनियमितता बरती जा रही है। मंत्री ने कहा, इसमें दिव्यांग सहायता कलेक्टर जांजगीर-चांपा द्वारा कराई गई प्राथमिक जांच में निर्माण श्रमिक के पंजीयन में अनियमितता परिलक्षित हुई। जांच में पंजीयन आवेदन स्वीकृत करने वाले क्षेत्रीय श्रम निरीक्षक लक्ष्मण सिंह मरकाम, कार्यालय श्रम पदाधिकारी जिला जांजगीर- चांपा की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें निलंबित करते हुए विभागीय जांच कराई जा रही है। निलंबित श्रम निरीक्षक मरकाम के निलंबन अवधि के दौरान मुख्यालय कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, जिला बिलासपुर निर्धारित किया गया है। यह आदेश श्रमायुक्त के अनुमोदन से अपर श्रमायुक्त (स्थापना), कार्यालय श्रमायुक्त, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, अटल नगर द्वारा आज सोमवार को जारी किया गया है।

# पहली बार व्यापम नहीं लेगा टेट, शिक्षकों के लिए विभागीय स्तर पर परीक्षा, जिलों से मंगाई जानकारी

- **लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और संयुक्त संचालकों को लिखा खत**

**रायपुर।** प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए टेट का आयोजन विभागीय स्तर पर किया जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और संयुक्त संचालकों को खत लिखकर उनके क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों की टेट अहर्ता संबंधित जानकारी मांगी गई है।

सूत्रों के अनुसार, यह परीक्षा केवल शासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए ही आयोजित की जाएगी। अब तक प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा किया जाता रहा है। विभागीत स्तर पर टेट आयोजित होने की स्थिति में यह पहली बार होगा, जब शिक्षक पात्रता परीक्षा व्यापम के स्थान पर विभाग लेगा। गौरतलब है, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पश्चात शिक्षकों की पदोन्नति के लिए टेट अनिवार्य कर दिया गया है। केवल वे ही शिक्षक जो टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट उत्तीर्ण कर चुके हैं, उन्हें ही पदोन्नति प्रदान की जाएगी। व्यापम नियमित रूप से टेट का आयोजन नहीं करता है।

## 18 मार्च तक देनी होगी जानकारी

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा समस्त शिक्षा संभाग के संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारियों को लिखे गए खत में शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर में कार्यरत शिक्षकों की टीईटी अर्हता संबंधी जानकारी निर्धारित प्रपत्र में मांगी गई है। समस्त जिला शिक्षा अधिकारी अपने संयुक्त संचालक कार्यालय को 17 मार्च तक जानकारी उपलब्ध कराएंगे एवं 18 मार्च तक सभी संयुक्त संचालक जानकारी एकत्र कर संचालनालय को हार्ड एवं साफ्ट कॉपी में ई-मेल में उपलब्ध कराएंगे।

**शिवालिक इंजीनियरिंग इण्डस्ट्रीज़ लिमिटेड**
तीसरी मंजिल, दुकान नं. 3052, 3053, 3054, 3055 और 3056, करेंसी टावर, विशाल नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492006 मो.: 83700-02034

**आम सूचना**

एतद् द्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि, 220/132/33 केव्ही सबस्टेशन बेमेतरा (गुनरबोड़) से ग्राम कातलबोड़ तक 10.6 कि.मी. 132 केव्ही लाईन जो एक कातलबोड़ -भैसा, कातलबोड, खुड़मुड़ी, नवागांव, ढारा, बाहोमोहतरा, पीपरभाठा, तेंदूभाठा, चोरभट्ठी, गुनरबोड़ होते हुए मेसर्स शिवालिक इंजी. इण्ड. लि. द्वारा स्थापित सोलर पावर प्लान्ट तक सिंगल सर्किट टावर में खींची गयी है, को ऊर्जीकृत करने हेतु सभी औपचारिक संबंधित सक्षम विभाग से प्राप्त हो गयी है।

उक्त लाईन 18.03.2026 दिन बुधवार को या के बाद कभी भी ऊर्जीकृत किया जा सकता है। अतः जनसामान्य से निवेदन है कि उक्त नवनिर्मित लाईन से सुरक्षात्मक दूरी बना कर सावधानीपूर्वक कार्य करें एवं दुर्घटना से बचें, किसी भी तरह दुर्घटना के लिए आप स्वयं जिम्मेदार हैं।

एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर
शिवालिक इंजीनियरिंग इण्डस्ट्रीज़ लिमिटेड




**न्यायालय तहसीलदार पथरिया, जिला- मुंगेली (छ.ग.)**
Email : tahsilpatharia@gmail.com
रा.प्र.क्र./ 202602250900006/अ-27 /2025-26
ग्राम-पथरिया, प.ह.नं.- 18
// दैनिक समाचार-पत्र के माध्यम से नोटिस //
प्रति,
1. शेख बहादर पिता शेखजी, 2. शेख सरकार पिता शेखजी, 3. शेख समसाद पिता शेखजी, 4. शेख अयुब पिता शेखजी, 5. शेख वहिद पिता शेखजी, 6. सकीला पुत्री शेखजी, 7. जुबेदा पुत्री शेखजी, 8. वहिदा पुत्री शेखजी, सभी निवासी ग्राम सिलतरा, तहसील- पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
.... अनावेदकगण/ अनावेदिकागण

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदकगण शेख नौसाद पिता शेख नफील एवं अन्य 6, जाति मुसलमान, निवासी ग्राम सिलतरा, तहसील - पथरिया, जिला- मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पथरिया, प.ह.नं. 18, तहसील-पथरिया, जिला- मुंगेली (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर 65/1, 417 रकबा क्रमशः 0.433, 1.492 हेक्टेयर भूमि आवेदकगण के पिता स्व. शेख नफील एवं अनावेदकगण क्र. 2 से 9 के संयुक्त नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है, जो कि आवेदकगण की पैतृक कृषि भूमि है। उक्त भूमि के खातेदार आवेदकगण के पिता शेख नफील की मृत्यु दिनांक 01/01/2024 को हो गई है, जिनके आवेदकगण विधिक वारिसान उत्तराधिकारीगण है। उक्त भूमि के खातेदार शेख नफील के फौत होने पर आवेदकगण के नाम पर फौती- नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 23/03/2026 को नियत है। अतः इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 16/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार, पथरिया,
जिला- मुंगेली (छ.ग.)

## मप्र के उप मुख्यमंत्री शुक्ल आज आएंगे

**रायपुर।** मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री (लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री) राजेन्द्र शुक्ल अपने दो दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। अपने निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक श्री शुक्ल 17 मार्च को शाम 06:15 बजे राजधानी रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगे। शाम 07:15 बजे वीआईपी रोड स्थित भगवान श्रीराम मंदिर में दर्शन करने के पश्चात शाम 07:30 बजे विंध्य समाज के क्वींस क्लब में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होंगे। वे रात्रि विश्राम सेल्स टैक्स कॉलोनी में ई-5 में संजीव तिवारी के निवास में करेंगे।



## होर्मुज संकट पर अमेरिकी राष्ट्रपति को मित्र देशों की खरी-खरी

# फ्रांस, जापान, ऑस्ट्रेलिया का ट्रंप को झटका, युद्धपोत भेजने से किया इंकार

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध के मद्देनजर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए मित्र देशों से युद्धपोत भेजने की अपील की थी। ट्रंप ने जिन सात देशों का नाम लिया उनमें चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन प्रमुख हैं। ट्रंप की इस मांग पर दुनिया के कई ताकतवर देशों ने अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। जापान ने स्पष्ट कर दिया है कि वह फिलहाल होर्मुज में अपना कोई भी युद्धपोत तैनात करने पर विचार नहीं कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने भी एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक नेवी शिप भेजने के अनुरोध को ठुकरा दिया है। वहीं फ्रांस की रक्षा मंत्री ने साफ कहा है कि जब तक जंग जारी रहेगी तब तक वे इस संवेदनशील इलाके में अपने जंगी जहाज नहीं भेजेंगे। तुर्की और जर्मनी ने भी इस ऑपरेशन का हिस्सा बनने से पल्ला झाड़ लिया है जिससे ट्रंप की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है।

### होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते होता है 20% ग्लोबल ऑयल सप्लाई




### ट्रंप बनाना चाहते हैं सुरक्षा गठबंधन

होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते 20% ग्लोबल ऑयल सप्लाई होता है, लेकिन ईरान इसे बाधित करता रहता है। इसे देखते हुए ही ट्रंप ने होर्मुज स्ट्रेट सुरक्षा गठबंधन बनाने की घोषणा की है, जिसका ऐलान भी वे इसी हफ्ते कर देंगे। इस गठबंधन का मकसद होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले ऑयल टैंकर को सुरक्षा प्रदान करना होगा। ट्रंप ने दुनियाभर के देशों से इस गठबंधन में शामिल होने की अपील की थी।

### नाटो को भी दी है धमकी

ट्रंप ने एयर फोर्स वन में फ्लोरिडा से वाशिंगटन लौटते समय पत्रकारों से कहा था जो देश तेल के लिए इस समुद्री रास्ते पर निर्भर हैं उन्हें इसकी रक्षा की जिम्मेदारी खुद उठानी चाहिए। एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर सात देशों से संपर्क में हैं। इस दौरान, उन्होंने नाटो सहयोगियों को कड़ा संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि अगर नाटो में सहयोगी देश ईरान के खिलाफ अमेरिका के युद्ध में सहयोग नहीं करेंगे, तो नाटो गठबंधन का बहुत बुरा भविष्य होगा। वहीं नाटो महासचिव जेम्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि संगठन और इसके मेंबर देश अमेरिका के साथ खड़े हैं, लेकिन युद्ध में प्रत्यक्ष भागीदारी पर विचार-विमर्श कर रहे हैं।

### चीन ने भी कहा- पहले सैन्य अभियान रोको

ट्रंप द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय परिवहन के लिए खुला रखने में बीजिंग सहित अन्य देशों के साथ सहयोग करने के आह्वान के जवाब में चीन ने सोमवार को पश्चिम एशिया में सभी पक्षों से सैन्य अभियान तुरंत रोकने का आह्वान किया। हालांकि, दक्षिण कोरिया ने अभी तक पूरी तरह इनकार नहीं किया है और वह इस पर गंभीरता से विचार करने की बात कह रहा है। ब्रिटेन जैसे देशों ने भी अभी तक अपने युद्धपोत भेजने पर कोई आधिकारिक रुख स्पष्ट नहीं किया है। अगर ये देश मदद के लिए आगे नहीं आते हैं तो होर्मुज का रास्ता असुरक्षित बना रह सकता है जिससे वैश्विक तेल बाजार में भारी अस्थिरता आ सकती है।

# टॉयलेट की कमी से हर साल ढाई करोड़ लड़कियां छोड़ती हैं स्कूल

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में सोमवार को देश के कई सरकारी स्कूलों में छात्राओं के लिए अलग टॉयलेट नहीं होने का मुद्दा उठाया गया। कांग्रेस सदस्य रंजीत रंजन ने सरकार से स्कूलों में स्वच्छता सुविधाओं का तत्काल सर्वे कराने और हर स्कूल में छात्राओं के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने सदन में आंकड़ा पेश करते हुए कहा कि हर साल 2.3 करोड़ लड़कियां स्कूल छोड़ने को मजबूर होती हैं। उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस नेता रंजीत रंजन ने कहा कि देश के सरकारी स्कूलों में छात्राओं के लिए बुनियादी सुविधाओं की कमी है और कई स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग शौचालय नहीं है। यह गंभीर और शर्मसार करने वाली समस्या है। छत्तीसगढ़ में पांच हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में छात्राओं के लिए अलग शौचालय की सुविधा नहीं है और राज्य के उच्च न्यायालय ने इसे शर्मनाक बताते हुए राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है।

## सेबी ने ट्रैवलस्टैक, लर्नफ्लूएंस और टी पोस्ट के आईपीओ को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने ट्रैवलस्टैक, लर्नफ्लूएंस एजुकेशन और टी पोस्ट को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के जरिये धन जुटाने की मंजूरी दे दी है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड की ओर से अद्यतन जानकारी ने अनुसार, इसी के साथ रेज़ पावर इन्फ्रा, मधुर आयरन एंड स्टील और अर्जुन ज्वेलर्स के दस्तावेज नौ से 13 मार्च के बीच वापस ले लिए गए या लौटा दिए गए। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारतीय शेयर बाजार दबाव में हैं। यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी ट्रैवलस्टैक टेक, 'लक्ष्य' कोचिंग सेंटर संचालित करने वाली लर्नफ्लूएंस एजुकेशन और टी पोस्ट ने जून से दिसंबर के बीच अपने आईपीओ दस्तावेज जमा किए थे और उन्हें 10 से 11 मार्च के दौरान नियामकीय की ओर से टिप्पणियां मिल गईं। आईपीओ में 250 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे और इसके साथ प्रवर्तकों व अन्य शेयरधारकों द्वारा 2,68,52,969 शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी लाई जाएगी।

**आम बाजार नीलामी सूचना**
**कार्यालय ग्राम पंचायत हरदी बाजार ज.पं. पाली जिला कोरबा (छ.ग.)**

क्र/ /ग्राम पंचा./बाजार मि /2026-27 दिनांक :- 15.03.2026

उपरोक्त विषयांकित संबंध में लेख है कि ग्राम पंचायत हरदी बाजार की आम बाजार एवं मवेशी बाजार की नीलामी वित्तिय वर्ष 2026-27 के लिए नीलामी किया जाना है

टीप :-
1. आम बाजार नीलामी की नियम व शर्तें ग्रा.पं. की सूचना पर प्रकाशित
2. अमानत राशि आम बाजार 50000/- रूपये,
3. मवेशी बाजार 1,00000/- रूपये,

दिनांक 30/03/2026, सोमवार समय 11 बजे
स्थान - पंचायत भवन हरदी

सचिव — ग्राम पंचायत - हरदी, जनपद पंचायत - पाली, जिला- कोरबा (छ.ग.)
सरपंच — ग्राम पंचायत - हरदी, जनपद पंचायत - पाली, जिला- कोरबा (छ.ग.)

**अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
**ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA BILASPUR (C.G.)**
कोनी पुलिस थाना के सामने, बिलासपुर-रतनपुर मार्ग, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) 495009
E-mail phdcell@bilaspuruniversity.ac.in Website:-www.abvv.ac.in

क्रमांक / 1840/अका. / शोध / 2026 बिलासपुर, दिनांक 13/03/2026

**विज्ञापन**

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के प्री.पी एच.डी. प्रवेश परीक्षा DET-2026 (Doctorat Entrance Test) 03 विषय हेतु दिनांक 16/03/2026 से दिनांक 31/03/2026 (रात्रि 11:59 बजे) तक इच्छुक आवेदक से ऑनलाइन आवेदन आंमत्रित किये जाते है। विस्तृत जानकारी के लिये विश्वविद्यालय की वेबसाइड :- www.abvv.ac.in पर देखी जा सकती है।

सं. 47210 **कुलसचिव**

# अदाणी एयरपोर्ट व इंडिगो की साझेदारी से ड्यूटी-फ्री खरीदारी पर मिलेंगे इंडिगो ब्लूचिप्स

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

इंडिगो एयरलाइन इंडिगो और देश की सबसे बड़ी निजी एयरपोर्ट ऑपरेटर कंपनी अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) ने एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत अब इंडिगो ब्लूचिप के सदस्य एएएचएल द्वारा संचालित एयरपोर्ट्स पर ड्यूटी-फ्री खरीदारी करने पर भी रिवॉर्ड कमा सकेंगे।

इस साझेदारी के तहत सदस्य अदाणी प्लेटफॉर्म के जरिए पहले से बुक किए गए ड्यूटी-फ्री प्रोडक्ट्स पर हर 100 रुपए खर्च करने पर पांच इंडिगो ब्लूचिप्स अर्जित कर सकेंगे। यात्री यात्रा से पहले ऑनलाइन प्रोडक्ट्स देख सकते हैं, उन्हें रिज़र्व और भुगतान कर सकते हैं, और फिर एयरपोर्ट पर आसानी से अपनी खरीदारी प्राप्त कर सकते हैं।

इंडिगो के चीफ डिजिटल और इंफॉर्मेशन ऑफिसर नितिन चोपड़ा ने कहा इंडिगो में हम अपने लॉयल्टी प्रोग्राम को और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। अदाणी ड्यूटी-फ्री के साथ यह साझेदारी उड़ानों से आगे बढ़कर ग्राहकों को उपयोगी रिवॉर्ड देने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है, जिससे यात्रा का हर कदम यात्रियों के लिए और फायदेमंद बनता है। इंडिगो के व्यापक नेटवर्क और अदाणी के प्रीमियम ड्यूटी-फ्री अनुभव को साथ लाकर हमें खुशी है कि हम देशभर के लाखों यात्रियों को ज्यादा सुविधा, विकल्प और बेहतर अनुभव दे पा रहे हैं। सुचित बंसल, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ)- नॉन-एरो, एएएचएल, ने कहा, ₹हम अदाणी प्लेटफॉर्म के जरिए डिजिटल सर्च, प्री-ऑर्डर की सुविधा और आसान कलेक्शन को जोड़कर एयरपोर्ट पर खरीदारी के तरीके को बदल रहे हैं। ग्राहक एक खास पोर्टल के जरिए लॉग-इन कर सकते हैं, अपनी इंडिगो ब्लूचिप मेंबरशिप आईडी लिंक कर सकते हैं और खरीदारी पूरी करने के 24-48 घंटे के भीतर अपने खर्च के आधार पर ब्लूचिप्स प्राप्त कर सकते हैं।

**जनसंपर्क संचालनालय छत्तीसगढ़, रायपुर**
**इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**फोन नं. 0771-2221614**

क्रमांक/जसंसं/फोटो/2026 नवा रायपुर, दिनाक /03/2026

**विभिन्न अवसरों पर फोटो फ्रेमिंग तैयार करने हेतु दर निर्धारण एवं इम्पैनलमेंट हेतु ऑनलाईन द्वितीय निविदा सूचना**

जनसंपर्क संचालनालय द्वारा विभिन्न अवसरों पर फेमिंग तैयार तैयार करने हेतु दर निर्धारण एवं इम्पैनलमेंट हेतु ऑनलाईन द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं नियम-शर्तें छत्तीसगढ संवाद की वेबसाईट https://samvad.cg.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र की कीमत | रूपये 1000/- (वापसी योग्य नहीं) |
| अमानत राशि | रूपये 25,000/- (बिना ब्याज के वापसी योग्य) |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 02/04/2026 समय अपरान्ह 3:00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 02/04/2026 समय सायं 4:00 बजे |

उपरोक्त निर्धारित तिथि को अपरान्ह 3 बजे तक मात्र उक्त वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाईन प्रस्ताव जमा किया जा सकता है। अपरान्ह 3 बजे के पश्चात प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा के नियम शर्तों या अन्य किसी प्रकार संशोधन होने पर समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी नहीं की जायेगी। मात्र उक्त वेबसाइट https://samvad.cg.nic.in में संशोधन की जानकारी दी जायेगी।

आयुक्त
जनसंपर्क संचालनालय
नवा रायपुर अटल नगर

जी. 252607214/2

**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी -6/वि.स रायपुर ग्रामीण / मंडी रायपुर/48-2/2025-26/9171 नवा रायपुर, दिनांक 13/03/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**
**Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in**

कृषि उपज मंडी समिति रायपुर जिला रायपुर अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएं छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि-07.04.2026 फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि-15.04.2026

| क्र. | कार्य का नाम / स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | कृषि उपज मंडी समिति रायपुर क्षेत्रांतर्गत विकासखंड धरसींवा अंतर्गत वार्ड क. 51 जोन क. 09 फुण्डहर में सामुदायिक भवन के पास बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 12.56 | लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर। |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

सही/- सचिव, कृषि उपज मंडी समिति रायपुर जिला रायपुर
सही/- भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मंडी समिति रायपुर जिला रायपुर

संवाद-47205

## देश में बेरोजगारी दर में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली।** देश में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों के बीच कुल बेरोजगारी दर फरवरी में मासिक आधार पर मामूली घटकर 4.9 प्रतिशत रह गई। यह जनवरी में पांच प्रतिशत थी। सोमवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से यह जानकारी मिली। सर्वेक्षण के अनुसार, जनवरी, 2026 में बढ़ोतरी के बाद शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों के बीच बेरोजगारी दर फरवरी, 2026 में घटकर 6.6 प्रतिशत रह गई, जो दिसंबर, 2025 के 6.7 प्रतिशत के स्तर से भी कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह बेरोजगारी दर फरवरी, 2026 में 4.2 प्रतिशत पर स्थिर रही। फरवरी, 2026 में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं में कुल बेरोजगारी दर घटकर 5.1 प्रतिशत रह गई जबकि जनवरी, 2026 में यह 5.6 प्रतिशत थी। ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में गिरावट देखी गई।

**कार्यालय कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी, जिला-बालोद (छ.ग.)**

**-:: निविदा ::-**

क्रमांक/1552/ जनगणना शाखा/2026 बालोद, दिनांक 05 मार्च 2026

**जिला जनगणना कार्यालय बालोद एवं चार्ज कार्यालयों (ग्रामीण एवं नगर) में भारत की जनगणना-2027 कार्य के संपादन के लिए आउटसोर्स के माध्यम से तकनीकी सहायक एवं एमटीएस उपलब्ध कराने हेतु।**

| निविदा एजेंसी / फर्म को जेम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन निविदा भरना होगा। | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का स्थान | ऑनलाईन जेम पोर्टल के माध्यम से |
| जेम पोर्टल में निविदा जारी करने की तिथि | 05-03-2026 |
| जेम पोर्टल में आवेदन करने हेतु अंतिम तिथि | 25-03-2026 |
| निविदा खोलने की तिथि | 27-03-2026 |
| निर्धारित धरोहर राशि | राशि 84,240.00 रूपये का राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी डी.डी COLLECTRET JANGANNA BALOD के नाम पर प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करना होगा। |

भारत की जनगणना-2027 का कार्य दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण- "मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (HLO)" अप्रैल 2026 से सितंबर 2026 तक और द्वितीय चरण-"जनसंख्या गणना (PE)" का कार्य फरवरी 2027 में जिला-बालोद के कुल 07 तहसील एवं 09 नगरीय निकाय (नगर पालिका/नगर पंचायत) में प्रस्तावित है।

जनगणना 2027 का कार्य पूरी तरह से तकनीक आधारित होगी। जिसके लिए शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन में 18 तकनीकी सहायक व 01 बहु-कार्य कर्मचारी (एमटीएस) कार्मिक की नियुक्ति कार्य राशि 84,240.00 रूपये की अमानत राशि के साथ अनुबंध दिनांक से आरंभ होकर अधिकतम 18 महीनों जून 2027 तक के लिए आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से कराया जाना है।

एतद् द्वारा उक्त कार्य के लिए इच्छुक फर्म/प्लेसमेंट एजेंसी से दिनांक 25-03-2026 दोपहर 03:00 बजे तक जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी,
जिला-बालोद (छ.ग.)

जी. 252607192/2

**Public Works Department**
**Office of The Superintending Engineer**
**Raipur Circle No.-2, Raipur. (C.G.)**

NIT No. 307/SE-2/Manual (RFP)/2025-26
Raipur, Date: 13-03-2026

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**
**(1st Call)**

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work Construction of Indoor Hall in Village Suhela, Block Simga District Balodabazar-Bhatapara.
Probable cost of project :- Rs. 465.52 Lakh.
Minimum eligibility for participants shall be as below :-

| S.N. | Building project cost | The applicant firms, firms forming Joint venture/ consortium shall be | Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD Balodabazar Division, |
|---|---|---|---|
| 1 | For project cost Between 1 to 10 Crore | Empanelled as architect in Class "D" & Above Class in C.G. PWD. | Rs. 3,000-00 |

**General Condition:** All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated 01-04-2026 by 17:30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.

The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/ pwdraipur from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

Superintending Engineer
Public Works Department
Raipur Circle No-2 Raipur (C.G.)

G-252607204/3

**कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग**
**पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
दुरभाष नम्बर/ फैक्स नम्बर-0771-2284044
ई- मेल:- dwcdraipur@gmail.com

क्र./5428/मबावि/स्था./2025-28 रायपुर, दिनांक 13/03/26

**//विज्ञापन//**
**मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र (Hub for Empowerment of Women) के संचालन हेतु संविदा के रिक्त पदों में नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना "**मिशन शक्ति**" की शुरूआत की है। मिशन शक्ति के अंतर्गत आने वाली सभी योजनाओं का कियान्वयन एवं संचालन हेतु जिला स्तर पर जिला स्तरीय महिला सशक्तिरण केंद्र स्थापित है। जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केंद्र हब (DHEW) हेतु जिले में 08 स्वीकृत संविदा पदों की पूर्ति हेतु स्वीकृत प्राप्त है जिसमें से 04 पदों पर त्याग पत्र देने के कारण 04 संविदा के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन दिनांक 13.03.2026 से दिनांक 27.03.2026 तक. कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

**रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :-**

| क्र. | पदनाम | स्वीकृत पदों की संख्या UR | ST | योग | वेतन मैट्रिक्स लेवल | निर्धारित एकमुश्त/ संविदा मासिक वेतन | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जेन्डर विशेषज्ञ | 01 | 01 | 02 | 8 | 25780 | |
| 2 | कार्यालय सहायक | 01 | 0 | 01 | 6 | 18420 | |
| 3 | डाटा एन्ट्री ऑपरेटर PMMVY | 01 | 0 | 01 | 4 | 14200 | |
| | कुल योग | 03 | 01 | 04 | | | |

उपरोक्त विज्ञापन की विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला कार्यकम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, जिला-रायपुर (छ.ग.) के सूचना पटल पर एवं जिले की वेबसाईट **https://raipur.gov.in** पर अवलोकन किया जा सकता है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास जिला-रायपुर (छ.ग.)

जी. 252607200/2

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के वविादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 6167



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.बीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखार,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

### शब्द पहेली-6166 का हल



## सूडोकु नवताल - 6177

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6176 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## खबर संक्षेप



### टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहन 1 अप्रैल से होंगे महंगे

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने सोमवार को कहा कि वह एक अप्रैल से अपने वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला की कीमतों में 1.5 प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि जिंस की बढ़ती कीमतों और अन्य लागत व्यय के प्रभाव को कम करने के लिए यह फैसला लिया गया है। कंपनी के अनुसार, कीमतों में यह बढ़ोतरी अलग-अलग मॉडल और संस्करणों के आधार पर भिन्न-भिन्न होगी। 180 अरब डॉलर के टाटा समूह का हिस्सा, टाटा मोटर्स भारत में यूटिलिटी वाहनों, पिक-अप, ट्रक और बस की सबसे बड़ी विनिर्माता कंपनी है।

### फोनपे ने आईपीओ को सूचीबद्ध होने से रोका



**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय सेवा मंच फोनपे ने वर्तमान भू-राजनीतिक संघर्ष और बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण अपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया को फिलहाल अस्थायी रूप से टाल दिया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि वैश्विक पूंजी बाजारों में कुछ स्थिरता आने के बाद वह सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया को फिर से शुरू करेगी। फोनपे के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) समीर निगम ने कहा, 'हम प्रभावित सभी क्षेत्रों में जल्द शांति बहाल होने की उम्मीद करते हैं। भारत में सार्वजनिक सूचीबद्धता के लिए हमारी प्रतिबद्धता बरकरार है।'

### मैमन फिर एटीएमए के चेयरमैन चुने गए

नई दिल्ली। वाहन टायर विनिर्माता संघ (एटीएमए) ने एमआरएफ लिमिटेड के वाइस चेयरमैन और



प्रबंध निदेशक अरुण मैमन को फिर से एटीएमए का चेयरमैन चुना है। एसोसिएशन ने सोमवार को बयान में कहा, अन्य शीर्ष नेतृत्व बदलावों में, ब्रिजस्टोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजर्षि मोइत्रा को एटीएमए का नया वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। संघ ने कहा कि एटीएमए के सहायक महानिदेशक संजय चटर्जी को राजीव बुधराजा के स्थान पर महानिदेशक बनाया गया है। बुधराजा 31 मार्च, 2026 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### आरईसी के अंतरिम लाभांश को निदेशक मंडल की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लि. के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 32 प्रतिशत यानी 10 रुपये अंकित मूल्य के प्रत्येक शेयर पर 3.20 रुपये



प्रति शेयर अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी है। यह कंपनी का चालू वित्त वर्ष के लिए चौथा अंतरिम लाभांश है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उक्त अंतरिम लाभांश के लिए रिकॉर्ड तिथि शुक्रवार, 20 मार्च, 2026 निर्धारित की गई है। अंतरिम लाभांश का भुगतान 14 अप्रैल, 2026 को या उससे पहले किया जाएगा। कंपनी के अनुसार, 'आरईसी लि. के निदेशक मंडल ने 16 मार्च, 2026 को आयोजित अपनी बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए चौथे अंतरिम लाभांश पर विचार किया और 32 प्रतिशत (अर्थात 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर 3.20 रुपये का लाभांश) अंतरिम लाभांश देने की घोषणा की।'

# भारत में एक साल में बढ़े 24 अरबपति, अब कुल संख्या बढ़कर हुई 229

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ष 2026 में भारत का अरबपति क्लब एक नए मील के पत्थर पर पहुँच गया है। फोर्ब्स की फोर्ब्स वर्ल्ड की अरबपतियों की सूची के अनुसार अब भारत में 229 अरबपति हो गए हैं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 205 थी। शेयर बाजार के मजबूत प्रदर्शन और कई नई कंपनियों की लिस्टिंग के कारण कई उद्यमियों की संपत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारत के शीर्ष 10 सबसे अमीर व्यक्तियों 2026 की सूची के अनुसार भारतीय अरबपतियों की कुल संपत्ति 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गई है, जबकि 2025 में यह लगभग 941 अरब डॉलर थी।

## फोर्ब्स वर्ल्ड्स बिलियनेयर्स 2026 की सूची जारी

### मुकेश अंबानी भारत के सबसे अमीर व्यक्ति

मुकेश अंबानी वर्ष 2026 में भी भारत के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। वह एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति भी हैं। पिछले वर्ष के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में वृद्धि होने से उनकी संपत्ति में बढ़ोतरी हुई और उनकी शीर्ष स्थिति और मजबूत हुई। वर्तमान में उनकी कुल संपत्ति लगभग 100 अरब डॉलर के आसपास बताई जाती है।



### दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अदाणी

गौतम अदाणी इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। वह अदाणी समूह के अध्यक्ष हैं। भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा क्षेत्रों में विस्तार के कारण उनकी संपत्ति में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी ने मिलकर इस वर्ष अपनी संयुक्त संपत्ति में लगभग 14.7 अरब डॉलर की वृद्धि की है।

### उदय कोटक ने भी शीर्ष सूची में जगह बनाई

इसके साथ ही उदय कोटक, जो कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक हैं, ने भी भारत के शीर्ष 10 सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची में अपनी जगह बनाई। उनकी संपत्ति में वृद्धि बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन और विस्तार के कारण हुई है।

### सावित्री जिंदल भारत की सबसे अमीर महिला

भारत के शीर्ष 10 सबसे अमीर व्यक्तियों 2026 की सूची में सावित्री जिंदल, जो ओपी जिंदल समूह की चेयरपर्सन हैं, तीसरे स्थान पर हैं। वह भारत की सबसे अमीर महिला बनी हुई हैं और देश के प्रमुख अरबपतियों में अपनी मजबूत स्थिति बनाए हुए हैं। यह सूची भारत के अरबपति समुदाय में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को भी दर्शाती है। फोर्ब्स के अनुसार अब भारत में 20 महिला अरबपति हैं, जिनमें सावित्री जिंदल इस समूह का नेतृत्व कर रही हैं।

## कमजोर वैश्विक रुझानों से बाजार में आई गिरावट

# ईरान जंग का असर, चांदी 9,000 रुपए लुढ़की, सोना 2,950 रुपए हुआ सस्ता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें 9,000 रुपए लुढ़ककर 2.56 लाख रुपए प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना 2,950 रुपए टूटकर 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। विश्लेषकों ने कहा कि कमज़ोर वैश्विक रुझानों और मज़बूत डॉलर के साथ ईरान युद्ध ने कीमती धातुओं की कीमतों को प्रभावित किया। चांदी 9,000 रुपये, या 3.4 प्रतिशत लुढ़ककर 2,56,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो शुक्रवार के बंद भाव 2,65,500 रुपये प्रति किलोग्राम से कम है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और यह 2,950 रुपये या 1.81 प्रतिशत टूटकर 1,60,250 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया।

**मजबूत डॉलर ने कीमतों को किया प्रभावित**

## चांदी लुढ़ककर 2.56 लाख रुपए प्रति किलोग्राम रह गई

### निवेशक डॉलर और बांड की ओर मुड़े

कारोबारियों ने सराफा कीमतों में गिरावट का कारण मुनाफावसूली और सुरक्षित निवेश की मांग के डॉलर और बॉन्ड की ओर मुड़ने को बताया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया हुआ है।



### कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, ''सोने की कीमतें फिलहाल नीचे आ रही हैं, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण बाज़ार में लंबे सौदों की तेज़ी से कटान की जा रही है। हम सुरक्षित निवेश की मांग में एक स्पष्ट बदलाव देख रहे हैं। निवेशक कीमती धातुओं से अपना पैसा निकालकर डॉलर और बॉन्ड में लगा रहे हैं।''

### मजबूत डॉलर ने कीमतों पर डाला दबाव

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक, प्रवीण सिंह ने बताया कि विदेशी बाजारों में सोना लगभग 4,992 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। इसकी वजह यह है कि मज़बूत डॉलर ने कीमतों पर दबाव डाला है। साथ ही, ऊर्जा की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति (महंगाई) की चिंताओं में बढ़ोतरी हुई है, जिससे फेडरल रिज़र्व द्वारा निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम हो गई हैं।

### चांदी 80 डॉलर प्रति औंस से नीचे आई

अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में भी सराफा कीमतें नीचे ही रहीं, जो घरेलू बाज़ार जैसे ही रुझान दिखा रही थीं। यहां हाज़िर सोना 5,000 डॉलर प्रति औंस के स्तर से नीचे फिसल गया, जबकि चांदी 80 डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गई। सोना 20.94 डॉलर या 0.42 प्रतिशत गिरकर 4,998.31 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 1.81, या 2.25 प्रतिशत टूटकर 78.76 डॉलर प्रति औंस रह गई।

### निकट भविष्य में सराफा की कीमतें रहेगी नरम

कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी (जिंस शोध), कायनात चैनवाला ने कहा कि निकट भविष्य में सर्राफा (सोना-चांदी) की कीमतें नरम रह सकती हैं। जब तक भू-राजनीतिक या नीतिगत दृष्टिकोण में कोई बड़ा बदलाव नहीं होता, तब तक कीमतों में किसी भी दिशा में कोई बड़ा उतार-चढ़ाव होने की संभावना कम है। उन्होंने कहा कि कारोबारी, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की आगामी नीतिगत बैठक पर नज़र रखे हुए हैं।

### फेड ब्याज दरों में नहीं करेगा बदलाव

चैनवाला इस बैठक से मिलने वाले नए आर्थिक अनुमानों के आधार पर नीतिगत दृष्टिकोण के बारे में संकेत तलाश रहे हैं, क्योंकि व्यापक रूप से यह उम्मीद की जा रही है कि फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करेगा ।

# खाने-पीने की चीजें महंगी होने से थोक महंगाई बढ़ी

## फरवरी में बढ़कर 11 महीने के उच्चतम स्तर 2.13 प्रतिशत पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दाल, आलू, मछली जैसे खाने के सामान और अन्य वस्तुओं के दाम में तेजी से थोक मुद्रास्फीति फरवरी में बढ़कर 11 महीने के उच्चतम स्तर 2.13 प्रतिशत पर रही। हालांकि, मासिक आधार पर इस दौरान सब्जियों की कीमतों में नरमी आई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।


यह लगातार चौथा महीना है जब थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में तेजी आई है। यह इस साल जनवरी में 1.81 प्रतिशत जबकि पिछले साल फरवरी में 2.45 प्रतिशत थी। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि अगर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि जारी रहती है, तो थोक महंगाई में और तेजी आ सकती है और इसका असर अन्य वस्तुओं (उर्वरक, एल्युमीनियम) पर भी पड़ेगा। इसका कारण यह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की तुलना में अंतरराष्ट्रीय कीमतों के अधिक करीब है। डब्ल्यूपीआई आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में खाद्य पदार्थों की महंगाई 2.19 प्रतिशत रही, जबकि पिछले महीने यह 1.55 प्रतिशत थी। हालांकि, सब्जियों की महंगाई फरवरी में घटकर 4.73 प्रतिशत हो गई, जबकि जनवरी में यह 6.78 प्रतिशत थी। लेकिन दाल, आलू, अंडे, मांस और मछली की मुद्रास्फीति में फरवरी में वृद्धि देखी गई।

### कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर

बार्कलेज ने कहा, ''16 मार्च तक कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गयी है। इसका प्रभाव थोक मुद्रास्फीति के मार्च के आंकड़ों में दिखेगा।'' इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च का कहना है कि अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद से कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर मार्च, 2026 से थोक मुद्रास्फीति पर पड़ेगा। जब तक आपूर्ति पक्ष की समस्याएं हल नहीं हो जातीं, इसमें वृद्धि बनी रह सकती है।

## शेयर बाजार में तीन दिन से जारी गिरावट थमी

# सेंसेक्स 939 अंक चढ़ा और निफ्टी 23,400 अंक के पार



एजेंसी ▶▶| मुंबई

थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 939 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,400 अंक के पार निकल गया। प्रमुख कंपनियों के शेयरों में निचले स्तर पर लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।

■ प्रमुख कंपनियों के शेयरों में निचले स्तर से खरीदारी

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 938.93 अंक यानी 1.26 प्रतिशत बढ़कर 75,502.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 75,805.27 अंक तक गया और नीचे में 73,949.76 अंक तक आया। वहीं 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 257.70 अंक यानी 1.11 प्रतिशत चढ़कर 23,408.80 अंक पर बंद हुआ।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, '' बाजार में कारोबार समाप्त होने से पहले तेजी आई। वाहन, बैंक और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में निचले भाव पर लिवाली से बाजार बढ़त में रहा...।''

नायर ने कहा, ''निकट भविष्य में निवेशकों का रुख होर्मुज जलडमरूमध्य में होने वाले घटनाक्रमों पर निर्भर करेगा। आपूर्ति श्रृंखला पर प्रतिकूल प्रभाव कम होने से बाजार को और समर्थन मिल सकता है।''

### एशियाई बाजार में रही घटबढ़

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त में रहे। यूरोप के बाजार दोपहर के कारोबार में गिरावट में थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। मानक ब्रेंट क्रूड 1.41 प्रतिशत बढ़कर 104.4 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### इन शेयरों में रही तेजी-मंदी

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे ज्यादा 4.22 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटर्नल, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, टाटा स्टील और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

# एलन कोटा में नीट की निःशुल्क कोचिंग के लिए प्रवेश परीक्षा 12 अप्रैल को


**कोटा।** एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास एवं एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में संचालित एलन शिक्षा संबल कार्यक्रम के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं की तिथियां जारी कर दी गई है। न्यास के सदस्य नवीन माहेश्वरी ने बताया कि सरकारी स्कूलों के हिन्दी माध्यम की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए यह कार्यक्रम शुरू किया था। अब नीट-2027 की तैयारी के लिए एडमिशन प्रक्रिया चल रही है, जिसमें कुछ बदलाव किए गए हैं।

इस वर्ष की प्रवेश परीक्षाओं दो बार ली जाएगी जिसकी तिथियां 12 अप्रैल और 10 मई 2026 निर्धारित की गई है। इसके साथ ही एक महत्वपूर्ण बदलाव यह किया गया है कि 2025 में 12वीं पास कर चुके



विद्यार्थी भी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। पहले 12वीं पास करने वाले वर्तमान वर्ष के विद्यार्थी ही योग्य होते थे। अब 2025 और 2026 में 12वीं पास करने वाले विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। इच्छुक विद्यार्थी https:/ /lnmpnyas.org पर आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत उत्तर भारत के हिन्दी भाषी प्रदेशों के सरकारी स्कूलों के चयनित 126 विद्यार्थियों को नीट-यूजी के लिए निःशुल्क कोचिंग के साथ-साथ निःशुल्क आवास व भोजन भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसमें 81 छात्राएं एवं 45 छात्र शामिल हैं। योजना के तहत एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से कोटा में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी की एक साल के लिए निशुल्क कोचिंग (100 प्रतिशत स्कॉलरशिप) दी जा रही है। वहीं एल एन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से इन विद्यार्थियों के निशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था भी की जा रही है।

# वनस्थली विद्यापीठ का 42वां दीक्षांत समारोह संपन्न




एजेंसी ▶▶| जयपुर

वनस्थली विद्यापीठ का 42वाँ दीक्षांत समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे, अध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी फोरम, भारत सरकार रहे।

मुख्य अतिथि के आगमन पर विद्यापीठ के अध्यक्ष प्रो. सिद्धार्थ शास्त्री, कुलपति प्रो. ईना आदित्य शास्त्री, कोषाध्यक्ष प्रो. सुधा शास्त्री तथा वनस्थली सेंटर फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के निदेशक प्रो. अंशुमान शास्त्री ने स्वागत द्वार पर उनका अभिनंदन किया। वनस्थली सेवा दल के बैण्ड द्वारा राष्ट्रीय सलामी दी गई तथा छात्राओं ने पारंपरिक तिलक, सूत की माला और स्वागत गीत से अतिथि का स्वागत किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने 'श्री शांताबाई शिक्षा कुटीर' एवं संस्थापकों के मूल निवास 'गांधी घर' का अवलोकन किया। लक्ष्मीबाई मैदान में ध्वजारोहण के पश्चात सेवा दल और एनसीसी कैडेट्स की परेड आयोजित की गई। उन्होंने कला मंदिर में छात्राओं और देश-विदेश के कलाकारों की चित्रकला प्रदर्शनी भी देखी। वीरबाला मैदान में घुड़सवारी, महादाजी शूटिंग रेंज में शूटिंग तथा मारूत मैदान में फ्लाइंग क्लब की गतिविधियों का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्य अतिथि ने स्कूल ऑफ डिजाइन, स्कूल ऑफ ऑटोमेशन और सेंटर ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी निरीक्षण किया।

### वेदांता डिबेंचर जारी कर 2,575 करोड़ रुपए की राशि जुटाएगी



**नई दिल्ली।** वेदांता लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल की एक समिति ने गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी कर 2,575 करोड़ रुपये तक की पूंजी जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। धन जुटाने की यह पहल वेदांता के उन प्रयासों का हिस्सा है, जिनके तहत कंपनी अपने वित्तपोषण के स्रोतों में विविधता लाने, बहीखाते को मजबूत करने के साथ कर्ज का पुनर्वित्तपोषण करने और उधारी की लागत कम करने पर काम कर रही है। वेदांता ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल की समिति ने निजी नियोजन के आधार पर 1,00,000 रुपये अंकित मूल्य के 2,57,500 असुरक्षित, प्रतिदेय, सूचीबद्ध और गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्रों (एनसीडी) के आवंटन को मंजूरी दी है।

# माखीजा टेस्ट ट्यूब से अनूपपुर के दंपती को 17 साल बाद मिला संतान सुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर




माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर में एशरमैन सिंड्रोम की समस्या के बावजूद मध्यप्रदेश अनूपपुर निवासी दंपत्ति को 17 साल बाद संतान सुख मिला है। माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर की डायरेक्टर डा. प्रतिभा माखिजा के अनुसार मरीज को पिछले 16 वर्षों से मासिक धर्म नहीं आ रहा था और केवल हल्की स्पॉटिंग की समस्या रहती थी। सोनोग्राफी में पाया गया कि उसके गर्भाशय की अंदरूनी परत आपस में चिपकी हुई थी। इसे चिकित्सा भाषा में एशरमैन सिंड्रोम कहा जाता है।



डॉक्टर प्रतिभा द्वारा मरीज की हिस्टेरोस्कोपी एड्हेसियोलाइसिस तथा लैप्रोस्कोपी के माध्यम से सर्जरी की गई, जिसमें गर्भाशय के अंदर की चिपकी हुई परतों को अलग किया गया। जांच के दौरान मरीज में ट्यूबल टीबी विद हाइड्रोसैल्पिंक्स की भी पुष्टि हुई, जिसके बाद मरीज को एंटी-ट्यूबरकुलर दवाइयों का पूरा उपचार दिया गया। उपचार के बाद मरीज की गर्भाशय की अंदरूनी परत (एंडोमेट्रियम) सामान्य रूप से विकसित हुई और मरीज ने सफलतापूर्वक गर्भधारण किया। उन्होंने बताया कि हाल ही में महिला ने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया और इस तरह 17 वर्षों बाद उसके घर में किलकारी गूंजी। डॉक्टर प्रतिभा ने बताया कि यदि किसी महिला को मासिक धर्म कम आ रहा हो, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो, गर्भाशय में रक्त प्रवाह कम हो, किसी प्रकार का संक्रमण हो, बार-बार सफेद पानी (व्हाइट डिस्चार्ज) की समस्या हो या पेल्विक दर्द रहता हो, तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसी समस्याएं कभी-कभी टीबी की शुरुआत के संकेत भी हो सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 8085758585


बिहार सरकार

**समाहरणालय, भागलपुर**

**न्यायालय, वरीय उप समाहर्ता, जिला राजस्व शाखा, भागलपुर**

**प्रेस विज्ञप्ति सं0–79**

चूँ बजरिये इस कोर्ट नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम, 2022 की धारा (ख) के अन्तर्गत अवैध रुप से देशी/विदेशी शराब का परिवहन व भंडारण करने के आरोप में निम्नांकित वाहन भिन्न– भिन्न उत्पाद अभियोग में जप्त कर अधिहरण प्रस्ताव वरीय पुलिस अधीक्षक, भागलपुर के माध्यम से प्राप्त होने के फलस्वरुप विविध उत्पाद अधिहरण वाद प्रारंभ किया गया। उक्त वादों में वाहन मालिक को नोटिस निर्गत किये जाने के बावजूद उनके द्वारा जप्त वाहन के लिए कोई दावेदारी प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। उक्त जप्त वाहन अधिहरण योग्य है।

इसी क्रम में बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 एवं संशोधित नियमावली 2023 का नियम 12 (क) के आलोक में शास्ति वाहन सबारी के नवीनतम बीमाकृत मुल्य के 10 प्रतिशत से कम और 05 (पॉच) लाख रुपये से अधिक नहीं होगा। अधिहरण योग्य जप्त वाहन का विवरण निम्नांकित है:–

| क्र0 सं0 | विविध (उत्पाद) अधिहरण वाद संख्या | थाना का नाम | थाना काण्ड संख्या | वाहन का प्रकार | वाहन संख्या (चेचिस व इंजन नंबर सहित) | वाहन स्वामी का पूरा नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 62/2025 | बरारी थाना | 185/2025 | Bajaj Pulsar Motor Cycle | Regd No : MP65M4462 Chessis No : MD2DHDHZZTCL32613 Engine No :DHGBTL17214 | उमर खान, पिता–मो0 इब्राहिम, साकिन– एम0बी0पी0एल0 जथारी, राज्य–मध्य प्रदेश |

अतः एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि उक्त जप्त वाहन में किन्ही व्यक्ति/संस्था का हित निहित हो तो नव संशोधित नियमावली 2023 के आलोक में जप्त वाहन के स्वामी नोटिस गजट प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर अपना जप्त वाहन का शास्ति (जुर्माना) राशि प्रपत्र–IV वरीय उप समाहर्ता न्यायालय, जिला राजस्व शाखा, भागलपुर में दाखिल करेंगें। अन्यथा अनुपस्थित होने की स्थिति में समझा जाएगा कि उक्त जप्त वाहन से आपको कोई सरोकार न ही है। तत्पश्चात् उक्त जप्त वाहन को अधिहरण/नीलाम कर लिया जायेगा। **इसे सख्त ताकीद समझे।**

इसे आज **दिनांक 23.02.2026** को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

**वरीय उप समाहर्ता**
**जिला राजस्व शाखा, भागलपुर**

PR- 026350 ( Excise ) 2025-26

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

# प्रथम पृष्ठ का शेष

## तीन छात्राओं के...

बस्तर के पोटा केबिन पर उठे गंभीर सवालः विधायक संगीता ने कहा, वह साल 2024 में जांच समिति के साथ पोटा केबिन का दौरा कर चुकी हैं और मामला बेहद गंभीर है। विधायक कवासी लखमा ने भी घटना को दर्दनाक बताते हुए कहा, बस्तर के आदिवासी परिवार अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए भेजते हैं, लेकिन ऐसी घटनाएं उनके विश्वास को तोड़ती हैं। उन्होंने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। **अधीक्षिका पर संरक्षण देने का आरोप**- विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि जब छात्रावास की अधीक्षिका के खिलाफ शिकायतें सामने आती हैं, तब एफआईआर दर्ज कराने के बजाय उन्हें बचाने की कोशिश की जाती है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या आदिवासी बच्चियों को पढ़ने के लिए भेजने का यही परिणाम होगा। **नेता प्रतिपक्ष ने बताया वर्षों से चल रहा मामला**- नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, पोटा केबिन में ऐसी घटनाएं नई नहीं हैं, बल्कि कई वर्षों से सामने आती रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार बच्चियों की अचानक मौत हो जाती है और बाद में बीमारी को कारण बता दिया जाता है। उन्होंने सरकार से पूरे मामले की गंभीर जांच कर चर्चा कराने की मांग की।

## शिक्षामंत्री बोले-आरोप...

के बयान भी लिए गए हैं।शिक्षा मंत्री ने कहा, पोटा केबिन कलेक्टर की देखरेख में संचालित होते हैं और प्रशासन की लगातार निगरानी रहती है। उन्होंने कहा, मामला संदिग्ध जरूर है और कलेक्टर के निर्देश पर जांच जारी है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। **स्थगन प्रस्ताव खारिज, विपक्ष ने किया वॉकआउट**-हालांकि सदन की आसंदी ने स्थगन प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया, जिसके बाद कांग्रेस विधायकों ने विरोध जताते हुए सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया और बहिर्गमन किया।

## 12वीं पर्चा लीक...

कराई है। वहीं माध्यमिक शिक्षा मंडल का कहना है कि 14 मार्च को कक्षा 12वीं की हिन्दी विषय की परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। इस संबंध में मंडल को 15 मार्च को संख्या मीडिया के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त हुई कि छात्र संगठन द्वारा यह दावा किया गया है कि उक्त परीक्षा के एक दिन पूर्व दिनांक 13 मार्च को सोशल मीडिया पर हिन्दी विषय से संबंधित प्रश्नों का एक हस्तलिखित पर्चा वायरल हुआ था। व्हॉट्सऐप ग्रुप में वायरल पर्चे में अंकित प्रश्नों तथा परीक्षा में पूछे गए हिन्दी विषय के बी-सेट प्रश्नपत्र के प्रश्नों में समानता होने का दावा किया जा रहा है। इसके आधार पर उनके द्वारा एफआईआर करवाई गई है।

## सचिव बोलीं-...

कार्य को दृष्टिगत रखते हुए मण्डल द्वारा इस मामले को गंभीरतापूर्वक संज्ञान में लिया गया है और एहतियात के तौर पर संबंधित प्रकरण में एफआईआर दर्ज कराते हुए पुलिस एवं साइबर सेल से विस्तृत जांच कराने की कार्रवाई की जा रही है, ताकि तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट हो सके। परीक्षाओं की गोपनीयता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए माशिम पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## डा. रमन का ...

डा. रमन ने आगे लिखा है कि अविश्वास प्रस्ताव पर निर्णय के उपरांत आपने सदन को जिस संतुलित, विचारपूर्ण और गरिमामय ढंग से लोकतंत्र की दिशा दिखाई, वह अत्यंत प्रेरक था। अध्यक्ष पद की निष्पक्षता, संसदीय नियमों की सर्वोच्चता तथा संसद की गौरवशाली परंपराओं के संबंध में आपके उदगार केवल प्रतिक्रिया नहीं थे, बल्कि वे भारतीय संसदीय लोकतंत्र की मूल आत्मा की एक सशक्त अभिव्यक्ति थे। वस्तुतः भारतीय लोकतंत्र का विचार केवल आधुनिक संवैधानिक ढाँचे तक सीमित नहीं है; उसकी जड़ें हमारी उस दीर्घ बौद्धिक, नैतिक और सार्वजनिक परंपरा में निहित हैं, जिसमें शासन और सार्वजनिक जीवन को सत्य, उत्तरदायित्व, संवाद और मर्यादा के आधार पर संचालित करने की कल्पना की गई है। **याद किया विठ्ठल भाई पटेल का कार्यकाल**- अपने पत्र में रमन सिंह ने लिखा है कि भारतीय संसदीय परंपरा का एक प्रेरक उदाहरण उस समय सामने आया जब विठ्ठलभाई पटेल ने केंद्रीय विधान सभा के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उन्होंने अपने आचरण से यह स्थापित किया कि अध्यक्ष का पद केवल कार्यवाही संचालित करने का दायित्व नहीं है, बल्कि वह सदन की निष्पक्षता, स्वतंत्रता और गरिमा का सजीव प्रतीक भी है। अनेक अवसरों पर उन्होंने यह सिद्ध किया कि अध्यक्ष का कर्तव्य दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर नियमों, परंपराओं और संस्थागत मर्यादा की रक्षा करना है। उनके आचरण ने भारतीय संसदीय जीवन में अध्यक्ष पद की निष्पक्षता और प्रतिष्ठा की एक स्थायी परंपरा को जन्म दिया। **संवाद, तर्क और उत्तरदायित्व**-भारतीय संसद के इतिहास में अनेक अवसर ऐसे आए हैं, जब लोकतांत्रिक परिपक्वता का उच्च उदाहरण सामने आया। 1963 में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गंभीर प्रश्नों पर संसद में हुई बहसों ने यह सिद्ध किया कि गहन मतभेदों की स्थिति में भी संवाद, तर्क और उत्तरदायित्व की लोकतांत्रिक परंपरा को अक्षुण्ण रखा जा सकता है। इसी प्रकार 1977 के पश्चात संसद की कार्यवाही में लोकतांत्रिक संस्थाओं के पुनर्स्थापन का जो वातावरण निर्मित हुआ, वह भारतीय लोकतंत्र की आत्म सुधार की क्षमता का एक महत्त्वपूर्ण प्रमाण था। **ये है भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति**- भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यही है कि वह असहमति को स्थान देता है, विविध विचारों का सम्मान करता है, और संवाद के माध्यम से सहमति का मार्ग खोजता है। संसद इसी लोकतांत्रिक चेतना का सर्वोच्च मंच है, जहाँ व्यक्त प्रत्येक विचार देश के करोड़ों नागरिकों की आशाओं, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। डा. रमन ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में लोकसभा न केवल अपनी गौरवशाली संसदीय परंपराओं को और अधिक सुदृढ़ करेगी, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद, रचनात्मक विमर्श और संस्थागत गरिमा के उन आदर्शों को भी नई ऊर्जा देगी, जिन पर भारतीय लोकतंत्र की प्रतिष्ठा आधारित है। आपके मार्गदर्शन में यह सदन संविधान के प्रति अपनी निष्ठा तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का और भी सशक्त एवं प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

## पश्चिम बंगाल में...

तैयारियों की समीक्षा के बाद अधिकारियों को हटाने का फैसला किया गया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार को सिद्धनाथ गुप्ता को पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक (प्रभारी) नियुक्त करने का निर्देश दिया है, जबकि नटराजन रमेश बाबू को सुधार सेवाओं का महानिदेशक नामित किया गया है। इसके अलावा आयोग ने अजय मुकुंद रानाडे को अतिरिक्त महानिदेशक और आईजीपी (कानून और व्यवस्था) तथा अजय कुमार नंद को कोलकाता पुलिस आयुक्त के पद पर तैनात करने का आदेश दिया। अधिकारी ने बताया कि आयोग ने आदेशों पर तत्काल अमल का निर्देश दिया और राज्य सरकार से सोमवार अपराह्न तीन बजे तक अनुपालन रिपोर्ट पेश करने को कहा। आयोग ने यह भी कहा कि जिन अधिकारियों को हटाया गया है उन्हें चुनाव समाप्त होने तक किसी भी चुनाव संबंधी कार्य में तैनात नहीं किया जाए। राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा और मतगणना चार मई को होगी। **मुख्य सचिव और गृह सचिव का तबादला**- आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और राज्य के गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा के तबादलों का आदेश दिया। आयोग ने यह भी आदेश दिया कि दोनों किसी भी प्रकार के चुनाव संबंधी कार्य में शामिल नहीं होंगे। दुष्यंत नरियाला ने चक्रवर्ती, वहीं संघमित्रा घोष ने मीणा की जगह ली है।

## होर्मुज पार कर...

बंदरगाह पर पहुंच गया, वहीं दूसरा जहाज नंदा देवी कल यानि 17 मार्च को कांडला बंदरगाह पर पहुंचेगा। इसी बीच एक अन्य भारतीय ध्वज वाला तेल टैंकर जग लाडकी भी संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह से लगभग 80,800 टन कच्चा तेल लेकर सुरक्षित भारत के लिए रवाना हुआ है। **सुरक्षा पर लगातार नजर**- सरकार ने बताया कि क्षेत्र में मौजूद भारतीय जहाजों और नाविकों की सुरक्षा पर लगातार नजर रखी जा रही है। समुद्री व्यापार तथा ऊर्जा आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए संबंधित मंत्रालय और एजेंसियां समन्वय कर रही हैं। पूर्वी हिस्से में फंसे जहाजों में से एक भारतीय ध्वज वाला तेल टैंकर 'जग प्रकाश' शुक्रवार को युद्ध प्रभावित होर्मुज स्ट्रेट को पार कर गया था। यह जहाज ओमान के सोहर बंदरगाह से पेट्रोल लेकर अफ्रीका के तंजानिया स्थित टांगा बंदरगाह की ओर जा रहा है और 21 मार्च को वहां पहुंचने की उम्मीद है।

## बिहार में महागठबंधन...

किया है, हालांकि विपक्षी महागठबंधन के चार विधायक मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे। ओडिशा में राज्यसभा चुनाव के लिए जारी मतदान के दौरान सोमवार को विपक्षी दलों बीजू जनता दल (बीजद) और कांग्रेस के कम से कम पांच विधायकों ने कथित तौर पर भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय के पक्ष में मतदान किया। ओडिशा में विपक्षी बीजू जनता दल (बीजद) और कांग्रेस के कम से कम पांच विधायकों द्वारा भारतीय जनता पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय के पक्ष में मतदान किए जाने की खबरों ने चुनावी समीकरणों को लेकर नयी चर्चाओं को जन्म दे दिया। राज्य में 12 वर्ष के अंतराल के बाद राज्यसभा के लिए मतदान हुआ, क्योंकि इस बार दो अप्रैल को रिक्त होने वाली चार सीटों के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदान सुबह नौ बजे शुरू हुआ और दोपहर 12 बजे तक तीन घंटे तक शांतिपूर्ण ढंग से चलता रहा। हरियाणा में राज्यसभा की सीट के लिए मतदान सोमवार को शाम चार बजे समाप्त हो गया। दो विधायकों वाले इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने मतदान से दूरी बनाए रखी, जबकि मतदान से पहले हिमाचल प्रदेश भेजे गए कांग्रेस के विधायक सुबह नौ बजे मतदान शुरू होने के कुछ ही समय बाद चंडीगढ़ लौट आए तथा कई अन्य प्रमुख विधायकों के साथ उन्होंने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

## आईसीयू में भीषण...

डी.के. सिंह की अगुवाई में बनी जांच टीम एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जाएगी। मुख्य सचिव को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। माझी ने बताया कि आग शायद शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। एक अधिकारी ने बताया कि आग देर रात ढाई बजे से तीन बजे के बीच लगी और दमकलकर्मी तुरंत अस्पताल पहुंचे व आग बुझाने के लिए अभियान शुरू किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आग लगने की घटना में मरीजों की मौत पर शोक व्यक्त किया और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा कोष (पीएमएनआरएफ) से प्रत्येक मृत व्यक्ति के परिजन को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने अस्पताल में लगी आग की घटना में हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ओडिशा के कटक स्थित एक अस्पताल में हुई दुर्घटना अत्यंत दुखद है। अपनों को खोने वाले सभी लोगों के प्रति गहरी संवेदना। प्रत्येक मृतक के परिजन को पीएमएनआरएफ की ओर से दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने माझी से फोन पर बात की और हालात का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य सरकार द्वारा अग्निकांड की न्यायिक जांच के आदेश के बारे में भी बताया। मुख्यमंत्री माझी ने भी प्रत्येक मृतक के परिजन को 25 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

## माइकल सर्वश्रेष्ठ अभिनेता...

फॉरेस्ट व्हिटेकर ('द लास्ट किंग ऑफ स्कॉटलैंड', 2006), जेमी फॉक्स ('रे', 2004), डेनजेल वाशिंगटन ('ट्रेनिंग डे', 2001) और सिडनी पोइटियर ('लिलीज ऑफ द फील्ड') की सूची में शामिल हो गए हैं, जो 1963 में यह पुरस्कार जीतने वाले पहले अभिनेता थे। वहीं अभिनेत्री जेसी बकले को फिल्म 'हैमनेट' में दमदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। पॉल थॉमस एंडरसन की फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला। इसके साथ ही उन्हें सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के पुरस्कार से भी नवाजा गया। एंडरसन का यह पहला ऑस्कर पुरस्कार है।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Vrinda Multispeciality Hospital — वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
छाती, एलर्जी एवं सांस से जुड़ी सभी बीमारियों का आधुनिक एवं विशेषज्ञ उपचार एक ही स्थान पर
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल — चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट — रविवार अवकाश
क्लीनिक: छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल — डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA — भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंती विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

HMS घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

गैस आउट सिरप
गैस, अरुचि, कब्ज़, अफरा, अपचन में तुरंत असरकारक नैचुरल आयुर्वेदिक है
सुगर के मरीज भी ले सकते हैं...
HMS देखकर खरीदें — एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-डाटा एंट्री, बिलिंग हेतु लड़की एवं दुकान में कार्य हेतु लड़के, लड़कियां इलेक्ट्रीशियन, हेल्पर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सूरज इलेक्ट्रीकल्स, C-21, नेताजी काम्प्लेक्स मन्दिर चौक जरहाभाठा बिलासपुर 93015 86381, 9827181236 (40226)

**आवश्यकता है**- ड्राइवर- 2, सिक्योरिटी गार्ड- 2 (m), स्टुअर्ट 3 (m/f) फ्रंट ऑफिस एग्जीक्यूटिव- 1 चाहिए वेतन योग्यता अनुसार रहने खाने की सुविधा सम्पर्क करें- होटल डाउन टाउन राजकिशोर नगर 9144666000, 95163 00022 (40245)

**आवश्यकता है**- थोक दवा दुकान में माल डिलिवरी पेमेंट कलेक्शन हेतू लड़कों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन 9000, सम्पर्क करें- नितिन मेडिकल एजेन्सी 34, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 9827497711 (40244)

**आवश्यकता है**- करगी रोड कोटा, कोनी, सिरगिट्टी चकरभाठा, मोहदा मोड़ हेतु सुरक्षा गार्ड की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन 10000 प्रतिमाह आवास मुफ्त तीन फोटो आधार कार्ड सहित तत्काल सम्पर्क करें- 8109314893, 9926683722 (40239)

**आवश्यकता है**- सीमेन्ट सेल्स और मार्केटिंग (एवं डिपो संभालने) हेतु गौरेला, पेंड्रा जिलों में रहने वाले अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है। शीघ्र सम्पर्क करें- 917114 7000 (40246)

**आवश्यकता है**-इंसुलेटेड कंटेनर परिवहन के लिए हमें वैध भारी वाहन लाइसेंस वाले कुशल और अनुभवी चालकों की लंबी दूरी तक वाहन चलाने की क्षमता, साफ ड्राइविंग रिकॉर्ड आकर्षक वेतन शुरुआती 17000 माह अनुभव के आधार पर बातचीत योग्य आवास और भोजन भत्ता सम्पर्क करें-6265222373, 9754861172 (0830)

आवश्यकता है नर्सिंग स्टॉफ काउन्टर स्टॉफ
अग्रवाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल मगरपारा रोड, बिलासपुर
संपर्क करें:- सुबह 11 से 01 बजे तक 07752-226296, 402543

**आवश्यकता है**- इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में काम करने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है जिन्हें कम्प्यूटर का अनुभव हो, बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- रानी सती इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 9827118632 (40240)

**आवश्यकता है**- गैरेज में कार्य हेतु मैकेनिक, वर्कर (कार वॉशिंग) हेल्पर चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- माँ शारदा कार केयर, स्मार्ट रोड, संजीवनी अस्पताल के पास बिलासपुर 7974332986 (40238)

**आवश्यकता है**-मल्टी नेशनल कम्पनी हेल्पर-25 टेक्नीशियन-25 (स्वयं का वाहन अनिवार्य) वेतन 5000 से 10000 पता- शांति नगर बिजली सब स्टेशन सिद्ध शिखर अपार्टमेंट के पास मंगला चौक बिलासपुर 91315 14165 (40214)

**आवश्यकता है**-जेसीबी आपरेटर, ट्रेक्टर ड्राइवर, टीएम मशीन, रोलर मशीन चलाने हेतु (अनुभवी) की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार अपने लाईसेन्स एवं आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- श्रीबालाजी कंस्ट्रक्शंस बिलासपुर 79740 86925, 9907925045 (40234)

**आवश्यकता है**- दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गोविन्द इलेक्ट्रॉनिक गेट नंबर 1, बुधवारी बाजार बिलासपुर 9300635599 (40242)

**आवश्यकता है**-दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अरोरा बेकरी, बृहस्पति बाजार के पास, बिलासपुर 9827164721 (40216)

**आवश्यकता है**-उमा एजेन्सी में दुकान में कार्य हेतु लड़के, लड़कियों और ऑटो, छोटा हाथी एवं कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- विजय नगर देवरीखुर्द बिलासपुर 9301517722 (40235)

**आवश्यकता है**-सिक्युरिटी संस्था में कार्य करने हेतु इच्छुक गार्ड की आवश्यकता है वेतन 9500 से 10000 प्रति माह से शुरू, कार्य स्थल बिलासपुर (छ.ग.) सम्पर्क करें- 87709 27383 (40236)

**आवश्यकता है**-अनुभवी बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन सुपरवाइजर की आवश्यकता है सैलेरी योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 9755042841, 9755535553 (40217)

**आवश्यकता है**-मेडिकल एजेन्सी में बिलिंग एवं एकाउंटिंग, माल पैकिंग करने, ट्रांसपोर्ट लेजाने, आर्डर एवं वसूली करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार (पढ़ाई बाध्य नहीं है) सम्पर्क करें- 9111000629 (40227)

**आवश्यकता है**-मंगला चौक, बिलासपुर स्थित ऑफिस कार्य हेतु कम्प्यूटर अनुभवी लड़के की आवश्यकता है। कार्य समय सुबह 9 से शाम 6बजे तक। वेतन 10000 से 12000 सम्पर्क करें- 9244664654, 9109511248 (40229)

**आवश्यकता है**-फील्ड कार्य हेतु लेबर की आवश्यकता है वेतन 10000 से 12000 रहने की सुविधा, स्वयं का वाहन अनिवार्य, गाँव वालों को प्राथमिकता पता- RNM स्कूल सेक्टर-D तिफरा बिलासपुर 8982080720, 9907993543 (40202)

**आवश्यकता है**-शीघ्र आवश्यकता है जो बाहर रह कर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए। आयु 18 से 30वर्ष वेतन 9000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 8085189675, 89620 00161 (502)

**आवश्यकता है**-थोक जूता चप्पल दुकान में कम्प्यूटर ऑपरेटर लड़के, लड़कियां तथा दुकान में कार्य हेतु सेल्समैन एवं ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 12बजे से 5बजे तक 7000941144 (40219)

**आवश्यकता है**-आफिस में डाटा एंट्री (टैली) कार्य करने के लिये लड़की की आवश्यकता है समय सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक वेतन 5000 सम्पर्क करें- 90094 60340 (40213)

**आवश्यकता है**-सुपर बाजार में हेल्पर के लिए लड़कों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता। बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- अपना सुपर बाजार, SBI ATM के पास, रिंग रोड नं.-2, बिलासपुर 7470592624 (40205)

**आवश्यकता है**-(1) ऑफिस कार्य हेतु कम्प्यूटर अनुभवी लड़की/ लड़का (2) टेलीकॉलिंग हेतु लड़की (3) मार्केटिंग हेतु लड़की/ लड़का की आवश्यकता है सम्पर्क करें- एस.एस. एनर्जी इंटरप्राइजेस बिलासपुर 98274 75898, 8234078440 (40228)

**आवश्यकता है**- लवली ड्रेसेस सीएमडी कॉलेज के बाजू में लिंक रोड, बिलासपुर के लिए सेल्समेन एवं सेल्सगर्ल की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9893361111, 70001 03010 (40164)

**आवश्यकता है**- एरिया सेल्स मैनेजर (FMCG) प्रतिष्ठित नमकीन/ फ्रायम्स निर्माता कम्पनी को ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, बिहार, महाराष्ट्र टेरिटरी हेतु अनुभवी Area Sales Persons तुरन्त चाहिए। योग्यता- FMCG सेल्स अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन- इण्डस्ट्री में सबसे बेहतर। कार्यक्षेत्र- ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, बिहार, महाराष्ट्र सम्पर्क- एस.के. प्रोडक्ट्स, सिरगिट्टी इंडसट्रियल एरिया, बिलासपुर 62626 79797 ईमेल- skproductsbsp@gmail.com (40224)

**आवश्यकता है**-सीबीएसई स्कूल में PGT, TGT, PRT, Pre Primary (बीएड अनिवार्य) टीचर्स एवं प्यून, आया और ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क- मॉडर्न एजूकेशनल एकेडमी, RSB कम्पाउन्ड नया सरकण्डा, बिलासपुर 7898511974 (40169)

**आवश्यकता है**-मैनुअल, ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु कुशल ड्राईवर चाहिए। ड्राईविंग लाईसेंस, आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- शॉप नम्बर G-36, अम्बे प्लॉजा, न्यू हाईटेक बस स्टैण्ड के सामने, तिफरा, बिलासपुर 9691487438, 7999297322 (40209)

**आवश्यकता है**- साड़ी, रेडीमेड दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता आनुसार सम्पर्क करें- शिव क्लॉथ स्टोर बिलासा चौक शनिचरी बाजार बिलासपुर 9827916580, 98278 87934 (40197)

**आवश्यकता है**- परमानेंट जॉब सभी इंजीनियर, वेल्डर कटर, फिटर, गार्ड, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आफिस कार्य-10, ड्राइवर, चपरासी-20, स्टोर कीपर, हेल्फर, सुपरवाईजर, 5वीं- ग्रेजुएट वेतन 11000-30000 रहना फ्री, सम्पर्क- व्यापार विहार बिलासपुर 6232429364 (40095)

**आवश्यकता है**-प्लास्टिक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के, लड़कियों (पेमेंट भरपुर मात्रा में) तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- नानक ट्रेडर्स तेलीपारा मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (39979)

**आवश्यकता है**-ऑफिस में कार्य करने के लिए लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार, सम्पर्क करें- 9630326877 (40212)

**आवश्यकता है**- बिलासपुर अग्रवाल लॉज में मैनेजर 1पद, आयु 30वर्ष से ऊपर (वेतन 12000) बिजली मिस्त्री, नल मिस्त्री वाल पेन्टर रोजी में काम करने हेतु चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9406390898 (40192)

**आवश्यकता है**-हॉस्टल में कार्य हेतु वार्डन (महिला) मेस कर्मचारी, अकाउंटेंट, सफाई कर्मचारी, ड्राइवर, गनमैन, गार्ड, काउंसलर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- गायत्री गर्ल्स हॉस्टल बिलासपुर 9302312528, 9302312463 (40225)

**आवश्यकता है**- होटल में काम करने हेतु हाउस कीपिंग मेल स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन 7000से 9000 तक सम्पर्क करें- होटल नटराज अग्रसेन चौक बिलासपुर 9977861508 (40166)

**आवश्यकता है**-अग्रवाल एक्स-रे क्लीनिक में महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सुबह 11 से 8बजे तक डॉक्टर अग्रवाल एक्स-रे क्लीनिक, जूनीलाइन, संतोष लॉज के बगल में बिलासपुर 786991 1052 (40210)

**आवश्यकता है**-सुरक्षागार्ड एवं ऑफिस हेतु कम्प्यूटर आपरेटर चाहिए हिन्दी इंगलिश टाइपिंग अनुभवी वर्ड एक्सेल 2वर्ष अनुभवी। वेतन योग्यता अनुसार पता-श्रीसाई सिक्युरिटी सर्विस, जेजे हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 9993057964, 8253010291 (40177)

## बेचना है

**बेचना है**-नेहरू चौक से 400 मीटर दूर स्थित इंजीनियर्स कॉलोनी में 2160 वर्गफुट जमीन पर 1361 वर्गफुट में बना मकान (कीमत 75 लाख) में बेचना है। खरीददार सम्पर्क करें- 7648017211, 87701 34858 (40233)

**बेचना है**- पुराना प्रताप टॉकीज चौक, डॉक्टर कॉलोनी और कम्पनी गार्डन के पास डबरीपारा में 45×62= 2800 वर्गफुट का कमर्शियल प्लॉट बेचना है। सम्पर्क करें- अग्रवाल 93004 16538 (40241)

**बेचना है**-प्लैट बेचना है शहर की वीआईपी लोकेशन मिनोचा कालोनी बिलासपुर में श्री बीएचके सर्व सुविधा युक्त प्लैट 1845 वर्गफीट एरिया में बेचना है सम्पर्क करें-75871 78668 (40204)

Medicare Specialists
यौन रोग व यौन कमजोरी
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता तो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है ...
वायरो रिसर्च एण्ड स्किन कवर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच.सी. अग्रवाल (एम.डी.) डॉ. वी.के. अग्रवाल बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659, 93039-48500 96177-89223, 93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330

गुप्त रोगी स्वयं मिले
शादी से घबराहट गुप्त रोग
• शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी • शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता • लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन • लिंग में टेढ़ापन • वीर्य में शुक्राणु की कमी • बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी • पेशाब में धातु जाना • शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899





**बेचना है**-55×40= 2200 वर्गफुट मेन डामर रोड पर पुराना मकान बना हुआ ग्राम मोहरा में ज़मीन की कीमत में मटियारी के पास बेचना है कीमत 1200 फुट सम्पर्क करें- 9827938236, 87709 63388 (40220)

**बेचना है**-लोखण्डी मेन रोड से लगे व्यावसायिक, आवासीय सर्वसुविधायुक्त प्लाट, मकान उपलब्ध है सम्पर्क करें-एस.के. कंस्ट्रक्शन नारायणी हॉस्पीटल के बगल वंदना ट्रेडर्स के ऊपर मंगला चौक बिलासपुर 90986 49603, 7987295995 (39605)

**बेचना है**- बिलासपुर सिरगिट्टी के गोविन्द नगर में 3225 वर्गफीट प्लॉट और व्यापार विहार में एक कमर्शियल प्लाट साईज 375 वर्गफीट शीघ्र बेचना है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें मो. 9630083740, 97706 76030 (40237)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

## किराया से चाहिए

**किराये से चाहिए**-रोड कंस्ट्रक्शन कार्य हेतु 2 नग नया जेसीबी मशीन मासिक किराया पर चाहिए। स्थान बिलासपुर इच्छुक व्यक्ति संबंधित दस्तावेजों के साथ तुरन्त सम्पर्क करें- 9243530500 (40206)

## किराया

**किराया**- मोपका रोड में राहुल ढाबा, शारदा रेसीडेन्सी के पास फुली फर्निश्ड 2BHK मकान रेलवे, बैंक, सरकारी कर्मचारी प्राइवेट जॉब वाले फैमली को किराये पर देना है सम्पर्क करें- 9303319861, 8305555541 (40199)

## फाइनेंस

**फायनेंस**- Mahindra फाइनेन्स मुद्रा योजना अन्तर्गत पूरे छत्तीसगढ़ में लोन सिर्फ आधार कार्ड पर 50000 से 25 लाख तक, 2% ब्याज वार्षिक, प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए सम्पर्क करें- 9311830460 (4300)

## शैक्षणिक

**प्रवेश प्रारम्भ**-मैट्रस विश्व विद्यालय, मुक्त दूरवर्ती शिक्षा, शासकीय सेवामान्य, प्रवेश प्रारम्भ DCA, PGDCA, BCA, MCA, BA, BSc, BCom, MA, MSc, MCom, BBA, MBA, MSW, BLib, MLib अन्तिम तिथि 15 मार्च, सम्पर्क- राजेन्द्र नगर चौक बिलासपुर 8959264581, 95160 36581 (40085)




## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सिनर ने मेदवेदेव को हराकर जीता इंडियन वेल्स खिताब, एरिना सबालेंका बनीं पहली बार चैंपियन




इंडियन वेल्स। यानिक सिनर ने दूसरे सेट के टाइब्रेकर में लगातार सात अंक बनाकर पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दानिल मेदवेदेव को 7-6, 7-6 से हराकर पहली बार एक भी सेट गंवाए बिना इंडियन वेल्स खिताब जीता। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने मेदवेदेव को पिछले दस मुकाबलों में नौवीं बार हराया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को मात दी थी। वहीं महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 7-6 से हराकर खिताब जीता। इससे पहले 2023 और 2025 में उपविजेता रही सबालेंका का यह पहला खिताब है।

### सिनर ने पूरे मैच में बनाए रखा दबदबा

कैलिफोर्निया के रेगिस्तानी मौसम में खेले गए इस मुकाबले में सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने मैच के दौरान 28 विनर्स और 10 ऐस लगाए तथा नेट पर खेले गए सभी आठ अंकों में सफलता हासिल की। पहला सेट काफी रोमांचक रहा। मेदवेदेव ने आक्रामक शुरुआत करते हुए सिनर पर लगातार दबाव बनाया और स्कोर 6-5 तक पहुंचाया, लेकिन सिनर ने वापसी करते हुए मुकाबले को टाईब्रेक तक पहुंचा दिया। टाईब्रेक में इतालवी खिलाड़ी ज्यादा सटीक साबित हुए और 7-6(6) से पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। सिनर ने पांचवें गेम में बिना कोई अंक गंवाए ब्रेक लेकर 3-2 की बढ़त बनाई, लेकिन मेदवेदेव ने हार नहीं मानी और स्कोर 6-6 कर दिया, जिससे मैच एक और टाईब्रेक में पहुंच गया। टाईब्रेक में मेदवेदेव ने 4-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन सिनर ने शानदार वापसी करते हुए लगातार अंक हासिल किए और 7-4 से टाईब्रेक जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

### जोकोविच-फेडरर के विशेष क्लब में सिनर शामिल

इस जीत के साथ सिनर इतिहास में ऐसे तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने सभी छह एटीपी मास्टर्स 1000 हार्ड-कोर्ट खिताब जीते हैं। इस उपलब्धि के साथ वह टेनिस के दिग्गज नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर के विशेष क्लब में शामिल हो गए। साल का यह उनका पहला खिताब है। इसके साथ ही वह 1990 के बाद पहले खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने लगातार दो मास्टर्स 1000 खिताब बिना एक भी सेट गंवाए जीते हैं। पेरिस में पिछले वर्ष जीते खिताब से शुरू हुई उनकी जीत की लय इस श्रेणी में 11 मैचों तक पहुंच गई है।




**मैंने लगातार विश्वास बनाए रखा : सिनर**

मैच के बाद सिनर ने कहा, मैं लगातार विश्वास बनाए रखता रहा और अपने शॉट्स खेलने की कोशिश करता रहा। अगर तीसरा सेट होता तो मुकाबला बराबरी से शुरू होता, इसलिए मैंने मैच खत्म करने की पूरी कोशिश की और इस जीत से बेहद खुश हूं।"



### सबालेंका ने रोमांचक मुकाबले में जीता मैच

यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और निर्णायक सेट का फैसला टाईब्रेक में हुआ। गर्म मौसम में खेले गए इस मैच में सबालेंका ने तीसरे सेट में 5-4 पर जीत का मौका गंवा दिया था, लेकिन टाईब्रेक में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए बैकहैंड विनर के साथ मैच अपने नाम कर लिया।

**हेड-टू-हेड में सबालेंका को बढ़त :** यह दोनों खिलाड़ियों के बीच 16वां मुकाबला था, जिसमें अब सबालेंका 9-7 से आगे हो गई हैं। इससे पहले रिबाकिना ने 2025 के डब्ल्यूटीए फाइनल्स और इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में सबालेंका को हराया था। खिताब जीतने के बाद सबालेंका के पास जश्न मनाने के लिए ज्यादा समय नहीं है। उन्हें मियामी ओपन के लिए रवाना होना था, जहां वे डिफेंडिंग चैंपियन हैं। उन्होंने मजाक में कहा कि शायद फ्लाइट में एक-दो ड्रिंक के साथ जश्न मना लें, क्योंकि मियामी में खिताब बचाने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलना होगा। 27 वर्षीय सबालेंका ने अपने खिताबी सफर के दौरान छह मैच में सिर्फ एक सेट गंवाया। यह उनके 11 साल के प्रोफेशनल कॅरियर का 23वां एकल खिताब है। इनमें चार ग्रैंड स्लैम शामिल हैं। इसके अलावा उनके नाम छह युगल खिताब भी हैं।

**मानसिक मजबूती बनी जीत की कुंजी : सबालेंका**

*मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि उनका लक्ष्य पूरे मुकाबले में मानसिक रूप से मजबूत बने रहना था। उन्होंने बताया कि चाहे परिस्थिति कैसी भी हो, उन्हें अपने बॉडी लैंग्वेज से यह दिखाना था कि वे लड़ाई जारी रखेंगी। सबालेंका के लिए यह समय खास रहा है।*

# आईपीएल : मुंबई इंडियंस ने शुरू की प्रैक्टिस

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल की तैयारी शुरु कर दी है। मुख्य कोच महेला जयवर्धने की देखरेख में टीम ने पहला सीजन का पहला ट्रेनिंग सेशन पूरा किया। जयवर्धने ने गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे, लसिथ मलिंगा और फील्डिंग कोच कार्ल हॉपकिंसन के साथ अभ्यास सत्र को संचालित किया। टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग और फिजियोथेरेपी स्टाफ भी मौजूद थे।

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस आईपीएल 2026 का पहला मुकाबला 29 मार्च को अपने होम ग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेलेगी। कोच जयवर्धने ने कहा, प्री-सीजन के पहले दिन हमेशा कुछ खास होता है। आप देखते हैं कि खिलाड़ी अंदर आते हैं, एनर्जी बनती है। मकसद मजबूत शुरुआत करना होता है। हमारे पास ऐसे लड़के हैं, जो इस फ्रेंचाइजी को बेहतर तरीके से जानते हैं। कुछ नए चेहरे भी आए हैं। पहला दिन पूरे कैंपेन का माहौल तय करता है। हम चाहते थे कि हर कोई पहले सेशन से ही यह महसूस करे कि हम कैसे ट्रेनिंग करते हैं, कैसे तैयारी करते हैं, और हम एक-दूसरे के लिए कैसे पेश आते हैं।

**29 मार्च को पहला मुकाबला**



### सीरियस काम की शुरुआत

जयवर्धने ने कहा, ओपनिंग सेशन टूर्नामेंट से पहले सीरियस काम की शुरुआत है। पहला सेशन हमेशा रोमांचक होता है, लेकिन यह गंभीरता की शुरुआत भी है। हम जानते हैं कि हम किस ओर बढ़ रहे हैं। सेशन निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक हुआ। स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग स्टाफ ने खिलाड़ियों को मूवमेंट ड्रिल, एजिलिटी रूटीन और फिटनेस असेसमेंट से गुजारा ताकि मुश्किल सीजन से पहले उनकी तैयारी का अंदाजा लगाया जा सके। नए आईपीएल कैंपेन से पहले तैयारियों के तेज होने के साथ ही आने वाले दिनों में बाकी टीम के कैंप में शामिल होने की उम्मीद है। मुंबई इंडियस ने अपने सोशल मीडिया पेज पर ट्रेनिंग सेशन की कुछ झलकियां साझा की हैं। सेशन में शामिल होने वाले खिलाड़ियों में शार्दुल ठाकुर, मयंक मारकंडे, अल्लाह गजनफर, नमन धीर, राजा अंगद बावा, रॉबिन मिंज, शर्मा, मयंक रावत, मालेवार, मोहम्मद इजहार और अश्विनी कुमार शामिल रहे।




### चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे आईपीएल मैच

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैचों की मेजबानी करने की औपचारिक मंजूरी दे दी। इसके साथ ही इस स्टेडियम में आईपीएल मैचों के आयोजन को लेकर पिछले लंबे समय से चली आ रही अनिश्चितता भी समाप्त हो गई। पिछले साल आरसीबी के चैंपियन बनने के बाद यहां आयोजित किए गए समारोह के दौरान मची भगदड़ में कुछ लोगों की जान चली गई थी। आईपीएल 28 मार्च से शुरू होगा, जिसमें मौजूदा चैंपियन आरसीबी उद्घाटन मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगा। यह मैच पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। केएससीए के प्रवक्ता विनय मृत्युंजय ने कहा, 'बैठक के दौरान विशेषज्ञ समिति ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में की गई तैयारियों और उपायों के संबंध में रिपोर्ट पेश की।

### इंडियन ओपन को पीडब्ल्यूआर 1000 स्पर्धा के रूप में मान्यता

**नई दिल्ली।** भारतीय पिकलबॉल संघ (आईपीए) ने अप्रैल में हैदराबाद में होने वाले इंडियन ओपन के चौथे सत्र को पीडब्ल्यूआर 1000 स्पर्धा के रूप में मान्यता दी है। ग्लोबल स्पोर्ट्स की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट के पिछले तीन सत्र में सभी वर्गों में 19 देशों के चार हजार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले चुके हैं। चौथे सत्र में 1500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और 56 वर्गों में इसकी कुल इनामी राशि 50 हजार डॉलर है।




क्रिकेट

# सूर्या ने कहा- टी-20 में हाथ सेट, टेस्ट की ख्वाहिश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सूर्यकुमार यादव का कहना है कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं, वनडे क्रिकेट उन्हें रास नहीं आता, लेकिन टी20 उनकी ताकत है क्योंकि ''उसमें उनका हाथ सेट हो गया है।' सूर्यकुमार ने कहा, 'आपकी किस्मत में जो लिखा होता है, आपको वही मिलता है। मैंने भी लाल गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू किया था और 10-12 साल तक रणजी ट्राफी खेली। मैंने मुंबई में लाल गेंद से बहुत क्रिकेट खेली है क्योंकि अगर आप मुंबई में पले बढ़े होते हैं तो आप लाल गेंद से ही शुरुआत करते हैं, इसलिए सब कुछ लाल गेंद के इर्द-गिर्द ही घूमता है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन धीरे-धीरे जब हमने सफेद गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू की तो मेरा झुकाव थोड़ा उसकी तरफ हो गया। इसके बाद मैं इस प्रारुप (टी20) में दिलचस्पी लेने लगा। मैंने वनडे (50 ओवर की क्रिकेट) में भी अच्छा खेलने की बहुत कोशिश की लेकिन कुछ खास नहीं कर पाया।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'टी20 क्रिकेट में जैसा चल रहा था, उसमें अपना हाथ सेट हो गया है, ऐसा बोल सकते हैं।'



# ऑरलियन्स मास्टर्स : आयुष और तन्वी करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई, प्रणय हटे

एजेंसी ▶▶| ऑरलियन्स

एचएस प्रणय के कंधे की चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने के बाद युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी और तन्वी शर्मा मंगलवार से शुरू होने वाले 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी ऑरलियन्स मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। प्रणय को पहले दौर में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त चाउ टिएन चेन से भिड़ना था, लेकिन पिछले सप्ताह बासेल में स्विस ओपन के दौरान उनके कंधे में काफी दर्द हो गया था, जिसके कारण उन्हें इस टूर्नामेंट से हटना पड़ा। उन्होंने कहा, 'मुझे तब कंधे में दर्द का कारण पता नहीं था और इसलिए मैंने टूर्नामेंट से नाम वापस लेने और स्वदेश लौटने का फैसला किया।

### शेट्टी करेंगे ली चिया हाओ के खिलाफ अभियान की शुरुआत

उनकी अनुपस्थिति में सभी की निगाहें आठवीं वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी पर टिकी होंगी। वह चीनी ताइपे के ली चिया हाओ के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।






### भारतीय क्रिकेट का दबदबा का समय आ गया : मिताली

**नई दिल्ली।** मिताली राज ने कहा है कि विश्व स्तर पर भारतीय क्रिकेट के दबदबे का उनका बरसों पुराना सपना सच हो रहा है जबकि पुरुष टीम, महिला टीम और जूनियर टीमों ने हाल ही के वर्षों में बड़े आईसीसी खिताब जीते हैं। पिछले कुछ साल में भारतीय पुरुष टीम ने 2024 और 2026 टी20 विश्व कप, महिला टीम ने पहला वनडे विश्व कप जीता।

**OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT NARIYARA**
**DISTIRCT- JANJGIR-CHAMPA (C.G.)**

**E-procurement Tender Notice (1st)**

**Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in**

NIT. No. 1715 Nariyara/Date- 13/03/2026

Online bids are invited for followings works up to 06/04/2026

| Sr. No. | System Tender no. | Name of Work | Porbable Amount of Contract (In Lakh) | Earnest Money (In Rs.) | Class of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 187150 | Proposed Construction And Beautifacation Of Muktidham Woard No.13 | 58.49 Lacs | 45000.00/- | D & Above Class |

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 13/03/2026 at 17:30 Hours (IST) on wards. for more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.

**NAGAR PANCHAYAT NARIYARA**
**DISTIRCT-JANJGIR-CHAMPA (C.G.)**

**TRN ENERGY PRIVATE LIMITED**

Regd. Office: 18 Vasant Enclave, Rao Tula Ram Marg, New Delhi-110057
Corporate Office: 7th Floor, Corporate Tower, Ambiance Mall NH -8, Gurugram-122002 (Haryana), PH: 0124-2719000, Fax: 0124-2719185
Email: trnenergy@acbindia.com; info@trnenergy.com

**INVITATION OF BIDS**

**SUBJECT:** AMC OF BTG & MILL REJECT HANDLING SYSTEM OF 2X300 MW TPP, REF TENDER NO: TRNEPL/2X300MW/AMC/BTG/2025-26/07 -R1 of 2X300 MW TRN, Date: 27.02.2026

TRN ENERGY PRIVATE LIMITED is having 2x300 MW coal based Thermal Power Plant located near Vill: Bhengari, PO: Nawapara (Tenda), Tehsil Gharghoda, Dist: Raigarh in the state of Chhattisgarh. The Plant site is well connected with Road Network, Nawapara (Tenda), is on Chhal Gharghoda road and very near to the plant. The place is around 42 KM away from Raigarh and 32 KM away from Kharsia, which are the nearest towns.

M/s TRN Energy private limited. Invites bids from reputed and experienced vendors for AMC of BTG & Mill reject handling system of 2X 300 MW TPP, detail of which are furnished https://eprocurement.mjunction.in/epspropartner/product/login-screen page auction.

Refer tender id: 1054 for qualifying criteria and for further details on or before 20.03.2026 @ 14:00 hrs.

Contact details:
Name: Sunil Kumar
Contact No: 9868392867
Email ID: sunil kumar@acbindia.com

**कार्यालय नगर पंचायत बिश्रामपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

फोन नं. 07775-265344 फेक्स नं. 07775-265344 ईमेल:/nagarpanchayatbishrampur@yahoo.in

क्रमांक/ 123 / लो.नि./न.पं. / 2025-26 बिश्रामपुर, दिनांक-16/3/2026

**मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा प्रचलित PWD Building SOR 01.01.2015/Road SOR 01.01.2025 से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) कम अधिक या समान दरों पर तथा शेड्यूल अनुसार प्रतिशत दरों पर निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर बंद लिफाफा के माध्यम से आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय-07/04/2026 सायं 03:30 बजे तक
2. निविदा खोलने की तिथि- 07/04/2026 सायं 04:00 बजे से

| क्रं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 01 में सीसी रोड एवं पाथवे निर्माण कार्य | 3.74 | 4000 | 750 | 3 माह |
| 2 | वार्ड क्र. 01,02,05 में नाली निर्माण कार्य | 6.91 | 5500 | 750 | 3 माह |
| 3 | वार्ड क्र. 05 आजाद ग्राउण्ड समीप आरसीसी नाली निर्माण कार्य | 4.65 | 5000 | 750 | 3 माह |
| 4 | वार्ड क्र. 05 पार्क सौदर्यीकरण कार्य | 6.21 | 5000 | 750 | 3 माह |
| 5 | वार्ड क्र. 06,08 में नाली निर्माण कार्य | 7.85 | 6000 | 750 | 3 माह |
| 6 | वार्ड क्र. 07 आरसीसी नाली निर्माण हीरा निवास से भोला शंकर निवास तक | 3.31 | 3500 | 750 | 3 माह |
| 7 | वार्ड क्र. 9-10 के बीच आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य | 2.97 | 3000 | 750 | 3 माह |
| 8 | वार्ड क्र. 09 शनि मंदिर समीप सीसी रोड निर्माण कार्य | 3.76 | 4000 | 750 | 3 माह |
| 9 | वार्ड 11 सिंह निवास से सोनी निवास तक नाली निर्माण कार्य | 1.76 | 2000 | 300 | 3 माह |
| 10 | वार्ड क्र. 11 ऑडिटोरियम समीप शौचालय निर्माण कार्य | 5.00 | 5000 | 750 | 3 माह |
| 11 | वार्ड क्र. 12 घोष निवास समीप प्रतिक्षालय निर्माण कार्य | 5.00 | 5000 | 750 | 3 माह |
| 12 | वार्ड क्र. 13 कबीर चबुतरा समीप बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 2.78 | 3000 | 750 | 3 माह |
| 13 | वार्ड क्र. 14 पानी टंकी समीप पार्क का फेन्सिंग कार्य | 3.35 | 3500 | 750 | 3 माह |
| 14 | वार्ड क्र. 04 मिनी स्टेडियम फेन्सिंग कार्य | 6.42 | 5000 | 750 | 3 माह |
| 15 | वार्ड क्र. 10 में खेल मैदान निर्माण कार्य | 6.74 | 5500 | 750 | 3 माह |
| 16 | वार्ड क्र. 08 में ललन निवास से वार्ड क्र. 05 तक नाली निर्माण कार्य | 2.38 | 2500 | 750 | 3 माह |

टीप :-
01. नियम शर्ते कार्यालय के लोक निर्माण शाखा में देखी जा सकती है।
02. विज्ञापन की प्रति uad.cg.gov.in देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत बिश्रामपुर
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**HDFC BANK एचडीएफसी बैंक लि.**

**पंजीकृत कार्यालय,** एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई - 400013
**शाखा :** एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, भवानी प्लाजा ग्राउंड फ्लोर, लिंक रोड, जांजगीर-छ.ग.

**आधिपत्य सूचना**

**अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अंतर्गत**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने एचडीएफसी बैंक लि. रुरल बैंकिंग ग्रुप, द्वितीय मंजिल, जेनिथ हाउस, केशवराव खायडे मार्ग, महालक्ष्मी, मुम्बई-400034, का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 का सपठित नियम 13 (2) के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणी(यों) **होमेश चतुर्वेदी पिता विजय कुमार चतुर्वेदी**(ऋण खाता नंबर **50200051602000, 50200051599708** को मंगनी करते हुए मांग सूचना पत्र दिनांक **09/12/2025** उक्त सूचना पत्र की प्राप्ति दिनांक से **60 दिनों** के भीतर **रूपये 5089561/- (रूपये पचास लाख नवासी हजार पाँच सौ इकसठ मात्र )** भावी ब्याज एवं पेनल ब्याज, अन्य चार्जेस लागत एवं अन्य के साथ सूचना पत्र में उल्लेखित राशि को लौटाने के लिए निर्गमित किया।

ऋणी(यों) के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी(यों) और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का **सांकेतिक आधिपत्य** दिनांक **13/03/2026** को ग्रहण कर लिया है। ऋणी को विशेषत: एवं सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार **रूपये 5089561/- (रूपये पचास लाख नवासी हजार पाँच सौ इकसठ मात्र )** तक एवं उस पर ब्याज, व्यय एवं खर्चो सहित राशि के लिए एचडीएफसी बैंक लि. के प्रभार के अधीन होगा।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**प्रतिभूति :** ओल्ड चंदनिया पारा में संपत्ति, वार्ड नं. 17, परसुराम वार्ड, मौजा जांजगीर, खसरा नं. 3956/6, शामिल खसरा नं. 3957/8, प.ह.न. 41, तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) 495668 **(प्लॉट का क्षेत्रफल 1090 वर्गफीट) चर्तु:सीमा**- पूर्व - रोड़, पश्चिम -संतोष जलतरे की भूमि, उत्तर - लक्ष्मी चर्तुवेदी का मकान, दक्षिण - जलतारे की भूमि

| स. क्र. | मालिक का नाम | प्रकार/ प्रकृति | संपत्ति का पता |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री विजय कुमार चर्तुवेदी पिता साहेब लाल चर्तुवेदी | आवासीय मकान | ओल्ड चंदनिया पारा में संपत्ति, वार्ड नं. 17, परसुराम वार्ड, मौजा जांजगीर, खसरा नं. 3956/6, शामिल खसरा नं. 3957/8, प.ह.न. 41, तहसील जांजगीर जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) 495668 (प्लॉट का क्षेत्रफल 1090 वर्गफीट) |

दिनांक : 13/ 03/ 2026
स्थान : जांजगीर


एचडीएफसी बैंक लि.
लक्ष्मीचंद देवांगन, प्राधिकृत अधिकारी

# विरासत
**छत्तीसगढ़ के महापुरुषों की गौरवगाथा**

***अनुकूले विधौ देयं एतः पूरयिता हरिः । प्रतिकूले बिधौ देयं यतः सर्वं हरिष्यति ॥***

अर्थ- भाग्य अनुकूल हो तब दान देना चाहिए क्यों कि सब देने वाला भगवान है । भाग्य प्रतिकूल हो तब भी देना चाहिए क्यों कि सब हरण करने वाला भी भगवान ही है । दान, मानव जीवन का एक अभिन्न अंग है। यह न केवल सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है, बल्कि व्यक्तिगत विकास और आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम भी बनता है। प्राचीन काल से ही विभिन्न धर्मों, संस्कृतियों और दर्शनों में दान के महत्व को रेखांकित किया गया है। चाहे वह धन, समय, ज्ञान या रक्त का दान हो, इसका उद्देश्य हमेशा दूसरों की मदद करना और समाज को बेहतर बनाना होता है। आज के युग में, जब असमानता, गरीबी और प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं, दान का महत्व और भी बढ़ जाता है, विभिन्न धर्मों में दान को पुण्य कार्य माना गया है। छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर एक से बढ़कर एक महान विभूतियों ने जन्म लिया जिन्होने अपनी संपत्ति दान देकर देश और समाज के विकास में योगदान दिया है। इन्ही महान विभूतियों में से एक थे दानवीर तुलाराम आर्य परगहनिया। तुलाराम जी ने अपनी संपत्ति को शिक्षा के प्रचार प्रसार और जनकल्याण के लिए अर्पित कर दिया

# दाऊ तुलाराम आर्य परगनिहा
# छत्तीसगढ़ की मिट्टी में दान की महक


दाऊ तुलाराम आर्य परगनिहा

## रायबहादुर पीतांबर के यहां जन्म

दाऊ तुलाराम जी का जन्म सन 1863 में बेरला तहसील के भिभौरी गांव में हूआ था। रायबहादुर पीतांबर सिंह परगनिहा की दूसरी संतान थे दाऊ तुलाराम। कुर्मी समाज के तहत आने वाले दाऊ के पूर्वज नगहा यानी खांडकपुर गोत्र से जाने जाते है। परगनिहा सरनेम क्षेत्र में पड़े भीषण अकाल के दौरान दाऊ जी के पूर्वजों ने उदारता से भुखमरी के कगार पर पहुंचे धमधा परगना के लोगों को भोजन, पानी और धन देकर सेवा की थी। जिससे खुश होकर धमधा के तत्कालीन राजा भवानी सिंह ने तुलाराम जी के पूर्वजों को परगनिहा की उपाधि दी थी । तुलाराम जी की हाईस्कूल तक पढ़ाई रायपुर में हुई।

## छत्तीसगढ़ के पहले ग्रेजुएट होने का गौरव

तुलाराम जी ने ग्रेजुएशन कलकत्ता विश्वविद्यालय से किया। तुलाराम जी ने छत्तीसगढ़ के पहले ग्रेजुएट बनने का गौरव हासिल किया था। सम्पूर्ण बौद्धिक जगत में उनका स्वागत किया गया था। तब इस तरह की बड़ी उपलब्धि के लिए व्यक्ति विशेष को हाथी में बिठाकर जुलूस निकालकर उत्सव मनाया जाता था। मंदिरों में रामायण, भजन, कीर्तन, यज्ञादि कराये जाते थे। प्रसाद, मिठाइयां बांटी जाती थीं, गम्मत नाचा के कार्यक्रम कराए गए थे।


दाऊ घनश्याम सिंह गुप्त के साथ मिलकर समाज सेवा के लिए काम किया।

## कुरा गांव में पूरा वार्ड दाऊ जी की जमीन पर

छत्तीसगढ़ की माटी में दानवीरों की कमी नहीं है, लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि किसी एक व्यक्ति के दान से आज एक पूरा वार्ड बसा हुआ है। रायपुर जिले के नगर पंचायत कुरा में 'दानवीर' तुलाराम आर्य परगनिहा की विरासत आज भी उतनी ही जीवंत है, जितनी 100 साल पहले थी। नगर पंचायत कुरा के वार्ड नंबर 1 की पूरी जमीन किसी सरकारी योजना की देन नहीं, बल्कि महान दानवीर तुलाराम आर्य। वार्ड में रहने वाले सैकड़ों परिवार आज जिस जमीन पर अपना जीवन बसर कर रहे हैं। ये जमीन कभी तुलाराम जी की निजी संपत्ति थी, जिसे उन्होंने जनहित में दान कर दिया था। यहां सिर्फ मकान ही नहीं, बल्कि यहां की 205 एकड़ उपजाऊ कृषि भूमि भी आज उन्हीं के नाम पर 'तुलाराम आर्य ट्रस्ट' के माध्यम से खेती के काम आ रही है। 26 जून 1926 को लिखी गई वह ऐतिहासिक वसीयत, जिसमें 5 लाख रुपए की संपत्ति दान की गई थी, आज कुरा के अस्तित्व की नींव है।




### संपत्ति के लिए बीए होने की शर्त

दाऊजी ने दान देने के बाद ग्राम चिभौरी में अपनी पत्नियों की परवरिश के लिए छोड़ी गई भूमि का वारिस अपने भतीजे पीला सिंह को घोषित किया। लेकिन तुलाराम जी परगनिहा ने शर्त रखी थी कि पीला सिंह विद्वान बने अर्थात कम से कम स्नातक परीक्षा पास करे और सत्तचरित्र हो तो नहीं तो ये जमीन आर्य समाज को चली जाएगी। उनकी इच्छा की पूर्ति पीलासिंह ने की और बीए की डिग्री हासिल की और संपत्ति के वारिस भी बने। तुलाराम जी सुलझे हुए विचारों के व्यक्ति थे। परिपक्व बुद्धि के मालगुजार और ईश्वर भक्त थे। अपनी वसीयतनामे में तुलाराम जी ने लिखा कि 'अपनी जायदाद को पुण्य कार्य में लगाने का संकल्प लिया है परमात्मा को स्मरण कर मैं वसीयत करता हूं। ईश्वर मेरा पथ प्रदर्शक हो'।

## आर्य समाज से जुड़ाव ने बदला जीवन

तुलाराम जी का झुकाव आर्य समाज की ओर था। तहसीलदार के पद से सेवानिवृत्ति के बाद अपना सर्वस्व—स्त्री शिक्षा, संस्कृत प्रचार और अनाथों की सेवा के नाम कर दिया। 25 अगस्त 1926 को वे स्वर्गवासी हुए, लेकिन कुरा के वार्ड नंबर-01 की हर धड़कन में उनका नाम आज भी सुरक्षित है। नगर पंचायत कुरा के लिए तुलाराम आर्य जी केवल एक पूर्व तहसीलदार नहीं, बल्कि एक 'मसीहा' हैं। उनकी दान दी हुई जमीन पर आज स्कूल भी हैं और खुशहाल बस्तियां भी। छत्तीसगढ़ के इस 'दानवीर' का कर्ज यह धरती कभी नहीं उतार पाएगी।



### स्वामी दयानंद की शिक्षा ने बदली जीवन की दिशा

स्वामी दयानंद जी सरस्वती द्वारा स्थापित आर्य समाज से तुलाराम जी काफी प्रभावित थे। आर्य समाज की एक प्रादेशिक इकाई ₹सीपी. एंड बरार शाखा₹ के नाम से नागपुर में तब स्थापित थी और कार्यरत थी। दुर्ग के प्रख्यात आर्य समाजी एवं विद्वान दाऊ घनश्याम सिंह गुप्त तब प्रतिनिधि सभा के प्रधान थे। गुप्त जी के सतत संपर्क में तुलाराम जी रहा करते थे। तुलाराम जी की दो पत्नियां थीं। दो संताने थी जिनमें एक बेटी गुरुदेयी और बेटा मोक्षेन्द्रनाथ थे...मोक्षेंद्रनाथ का बीमारी के कारण कम उम्र में ही निधन हो गया था...बेटे की मौत के बाद दाउ जी बहुत दुखी रहने लगे...तुलाराम जी का दृष्टिकोण आर्य समाज और पनश्यान सिंह जी गुप्त से प्रभावित था...स्वी शिक्षा को ये पारिवारिक समृद्धि और सुख शालि के लिए जरुरी मानते थे।




### सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ झंडा बुलंद किया

दाऊ तुलाराम जी ने अपनी बेटी गुरुदेवी को पंजाब के जालंधर स्थित गुरुपुर में भेजकर पढ़ाया और शिक्षित किया। बेटी को पंजाब भेजने, उच्च शिक्षा दिलाने के अलावा सलवार कुरता पहनाने से तत्कालीन समाज में तुलाराम जी का विरोध होने लगा । तुलाराम जी ने अपनी बेटी गुरुदेवी को साड़ी के साथ ब्लाउज पहनने की अनुमति थी जिस पर लोगों ने हंसी उड़ाई दरअसल उस समय तक छत्तीसगढ़ में साड़ी के साथ ब्लाउज पहनने का चलन नहीं था..दाऊ तुलाराम जी ने लोगों के तिरस्कार और हंसी उड़ाने की परवाह नहीं की ।

## संपूर्ण संपत्ति दान करने का संकल्प




शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति के बाद सन 1926 में दाऊ जी ने रायपुर जिले के कूरा गांव को 30 हजार रुपए में खरीदा और अपने पैतृक नाथ भिंभौरी को छोडकर कूरा में रहने लगे। अपनी बेटी गुरुदेवी का विवाह सयपुर जिले के ग्राम संकरी में जगदीशचंद्र बघेल से कर दी और पुरहट्टी नामक ग्राम का सात आने हिस्सा कर दिया। अब वे पारिवारिक दायित्व में मुक्त हो गए थे। उन्होंने आर्य समाज की गतिविधिवयों से प्रभावित होकर वह संकल्प कर लिया कि अपनी संपूर्ण संपत्ति श्रीमती आर्य प्रतिनिधि सभा को दान कर देंगे,ताकि स्त्री शिक्षा, संस्कृत विद्यादान, गुरुकुल मानवता के उत्थान के कार्य योजनाबद्ध तरीके से संचालित हो सके। 24 जून 1926 को सर्वस्व दान का वसीयतानामा उन्होने अपने हाथों से तैयार कराया। दान में 11 गांव की संपत्ति दान कर दी। तुलाराम जी को छत्तीसगढ़ का भामाशाह भी कहा जाता है। 63 साल की उम्र में 23 जून 1926 को वसीयत की और 25 अगस्त 1926 को दाऊ जी का निधन हो गया।

## स्त्री शिक्षा के लिए जीवन भर किया कार्य

तुलाराम जी ने जो संपत्ति दान में दी थी वो 11 गांवों की मालगुजारी थी। जिसका उस समय मूल्यांकन 4 लाख रुपए था आज की स्थिति में ये संपत्ति का मूल्य अरबों रुपए में हैं। वसीयत में तुलाराम जी ने लिखा कि छत्तीसगढ़ में स्त्री शिक्षा के लिए एक आदर्श विद्यालय स्थापित होना चाहिए, जालंधर कन्या विद्यालय को मैं बड़ा उत्तम और आदर्श समझता हूं। इसलिए ये बहुत अच्छा होगा कि छत्तीसगढ़ के किसी केंद्र स्थान में स्त्री शिक्षा के लिए विद्यालय जालंधर कन्या महाविद्यालय के नमूने पर चलाया जाए। उसकी इच्छा के अनुसार दुर्ग नगर में तुलाराम आर्य कन्या प्राथमिक शाला 1 जुलाई 1948 से शुरू की गई इसकी शुरुआत कन्या गुरुकुल के रुप में की गई थी। बाद में



माध्यमिक कक्षाएं भी प्रारंभ की गई आगे कुछ ऐसे हालात बने कि प्राथमिक शाला बंद कर दी गई थी। शाला चलाने के लिए भवन आदि निर्माण के लिए आर्य प्रतिनिधि सभा ने दुर्ग में 46 एकड़ जमीन खरीदी। स्कूल के पास ही छात्राओं के लिए छात्रावास भवन है और महाविद्यालय के लिए भवन का निर्माण किया गया। महाविद्यालय का नामकरण घनश्याम सिंह गुप्त कन्या महाविद्यालय किया गया। आर्य जगत के प्रति सेवाओं को ध्यान में रखते हुए दाऊ घनश्याम सिंह के नाम पर महाविद्यालय खोला गया। दाऊ जी द्वारा दान की हुई जमीन पर स्कूल चल रहे हैं, लोग खेती से जीविकोपार्जन कर रहे हैं और कुरा गांव में पूरा वार्ड ही उनकी दान की हुई जमीन पर बसा है।

inh न्यूज़ मंगलवार रात 7.55 बजे

### दाऊ जी छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे



दानवीर तुलाराम आर्य जी बेमेतरा और छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे। उन्होंने इलाहाबाद से स्नातक की पढ़ाई पूरी की और छत्तीसगढ़ के पहले स्नातक होने का गौरव प्राप्त किया। वर्ष 1905 में उनकी नियुक्ति तहसीलदार के पद पर शासकीय सेवा में हुई।

-अरूण साव, उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़

### तुलाराम आर्य जी का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत



तुलाराम आर्य जी का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा का एक उज्ज्वल स्रोत है। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज की सेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित कर दिया। बचपन से ही वे विलक्षण बुद्धि के धनी थे और उनमें दूसरों की मदद करने की गहरी भावना थी।

-विजय बघेल, सांसद, दुर्ग

### समाजसेवा के क्षेत्र में दूरदर्शी विचारों वाले व्यक्तित्व



दाऊ तुलाराम आर्य शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में दूरदर्शी विचारों वाले व्यक्तित्व थे। उनका मानना था कि समाज की प्रगति शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। इसलिए वे हमेशा इस बात के लिए प्रयासरत रहते थे कि अधिक से अधिक लोग शिक्षित हों और समाज में जागरूकता बढ़े।

-प्रेम प्रकाश पांडेय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष

### दाऊ तुलाराम छत्तीसगढ़ के पहले स्नातक होने का गौरव



दाऊ जी छत्तीसगढ़ के पहले स्नातक माने जाते हैं और समाज सुधार के प्रति समर्पित थे। उन्होंने अपनी बेटी गुरुदेवी को जालंधर भेजकर उच्च शिक्षा दिलाई, जिसका उस समय विरोध भी हुआ। सेवानिवृत्ति के बाद 1926 में रायपुर जिले के कूरा गांव में बस गए।

डॉ. परदेशीराम वर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार

### तुलाराम आर्य जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे



तुलाराम आर्य जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी और हर क्षेत्र में पारंगत व्यक्तित्व थे। अपनी योग्यता और दक्षता के कारण उन्होंने कम उम्र में ही प्रशासनिक सेवा में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया और तहसीलदार के पद पर भी कार्य किया। प्रशासनिक सेवा में रहते हुए उन्होंने ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा की मिसाल पेश की।

-दीपेश साहू, विधायक, बेमेतरा

### दाऊ जी ने महिला शिक्षा और बच्चों के लिए कार्य किए



तुलाराम आर्य जी ने महिला शिक्षा और अनाथ बच्चों के उत्थान के लिए जो कार्य किए, वे अत्यंत सराहनीय हैं। उस समय जब समाज में स्त्री शिक्षा को स्वीकार नहीं किया जाता था, तब उन्होंने साहस के साथ महिलाओं को शिक्षित करने का अभियान चलाया।

-भावना बोहरा, विधायक, पंडरिया

### दाऊ तुलाराम जी समाज सुधार के अग्रदूत थे



महादानी दाऊ तुलाराम आर्य छत्तीसगढ़ में स्त्री शिक्षा और समाज सुधार के अग्रदूत माने जाते हैं। क्षेत्र में पड़े भीषण अकाल के समय उनके पूर्वजों ने भूख से पीड़ित लोगों को भोजन, पानी और धन देकर सहायता की। उनकी इस उदारता से प्रभावित होकर धमधा के तत्कालीन राजा भवानी सिंह ने उनके परिवार को "परगनिहा" की उपाधि प्रदान की।

-डॉ. डीपी देशमुख, वरिष्ठ साहित्यकार,भिलाई

### बचपन से ही तेजस्वी और मेघावी थे दाऊ जी



बचपन से ही वे तेजस्वी, मेधावी और समाज के प्रति संवेदनशील स्वभाव के थे। दाऊ जी ने अपनी पूरी संपत्ति समाज सेवा के लिए कर दान दी। उन्होंने 11 गांवों की मालगुजारी, जिसकी उस समय कीमत करीब चार लाख रुपये थी, आर्य प्रतिनिधि सभा को स्त्री शिक्षा, संस्कृत शिक्षा और गुरुकुल व्यवस्था के लिए समर्पित कर दी।

-संतोष वर्मा, प्रबंधक आर्य समाज, ढाबा-कुन्ही गांव

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com